दैनिक अदित्य भारत

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

आर.एन.आई. नबंर – MPHIN/2014/56594

वर्ष-11। अंक 150। मूल्य - 2 रुपए। पृष्ठ-08। नगर संस्करण

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, बुधवार, 04 जून, 2025




### आईपीएल 2025 : 18 साल का सूखा खत्म, पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया

# पंजाब का सपना टूटा, आरसीबी 18 वें सीजन में बनी चैंपियन

अहमदाबाद ▪ एजेंसी

आखिरकार 17 साल बाद विराट कोहली का आईपीएल खिताब उठाने का सपना सच हो गया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने पहले खेलते हुए विराट कोहली के 43 रनों की बदौलत 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। इसके बाद 191 रन का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स को शानदार गेंदबाजी से 184 रनों पर ही रोक दिया और मात्र 6 रनों से फाइनल जीत लिया। आरसीबी के लिए आईपीएल इतिहास में यह चौथा फाइनल था जिसे वह पहली बार जीतने में सफल रही। आरसीबी ने क्वालिफायर 1 में भी पंजाब को हराया था अब फाइनल में भी उन्होंने अपना दबदबा कायम रखा है। आरसीबी आईपीएल चैंपियन बनने वाली आठवीं टीम है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, डेक्कन चार्जर्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चैंपियन बन चुकी हैं।

#### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू : 190/9 (20 ओवर)

बेंगलुरु को फिल सॉल्ट (16) ने अच्छी शुरुआत दी थी लेकिन दूसरे ही ओवर में जेमीसन ने उन्हें श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आऊट करा दिया। मयंक अग्रवाल ने आरसीबी को पावरप्ले में 55-1 तक पहुंचा दिया। लेकिन सातवें ओवर में युजी चहल ने दूसरी ही गेंद पर उन्हें चलता किया। मयंक ने 18 गेंदों पर 24 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार ने आकर्षक शॉट लगाकर 16 गेंदों पर 26 रन बनाए। उन्हें 11वें ओवर में जेमीसन ने पगबाधा किया। विराट ने 35 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 43 रन बनाए। उन्हें 15वें ओवर में उमरजजई ने अपनी ही गेंद पर कैच किया। जितेश शर्मा ने 10 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 24 रन बनाए लेकिन वह 18वें ओवर में विजय का शिकार हो गए। रोमारियो शैफर्ड 9 गेंदों पर 17 रन बनाकर अर्शदीप की गेंद पर पगबाधा हो गए। अर्शदीप ने इसी ओवर में क्रुणाल को भी चलता किया। आखिरी गेंद पर अर्शदीप ने भुवी को आऊट कर आरसीबी को 190 रन पर रोक दिया।

#### क्रुणाल पांड्या का कमाल

क्रुणाल पांड्या ने 4 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने सेट बल्लेबाज जोश इंगलिस (39) को आउट कर मैच में वापस लगा दिया। इसके बाद 17वें ओवर में दो विकेट लेकर पंजाब की हार में आखिरी कील ठोक दी। पंजाब किंग्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 184 रन ही बना सकी।

#### आरसीबी की शुरुआत रही खराब

फाइनल मुकाबले में पंजाब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। काइल जैमीसन (3/48) और अर्शदीप सिंह (3/40) की अगुआई में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को 190 रन पर रोक दिया। अर्शदीप ने पारी के अंतिम ओवर में कमाल की गेंदबाजी करते हुए केवल तीन रन दिए और तीन विकेट चटकाए। आईपीएल के 18 साल के करियर में चौथी बार फाइनल खेल रहे विराट कोहली ने सर्वाधिक 43 रन बनाए, लेकिन उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की। कोहली ने पहले नौ ओवर में केवल एक चौका लगाया और उन्होंने 18 डाट गेंद खेलीं। आरसीबी और पंजाब दोनों ही पहली बार ट्रॉफी जीतने उतरी हैं। पंजाब ने 11 साल बाद तो आरसीबी ने 9 साल बाद फाइनल में जगह बनाई है।

#### पंजाब किंग्स : 184-7 (20 ओवर)

पंजाब किंग्स को अच्छी शुरूआत मिली। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। प्रियांश 19 गेंदों पर 24 रन बनाकर हेजलवुड की गेंद पर आऊट हो गए। प्रभसिमरन 22 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 26 रन बनाकर आऊट हो गए। जोश इंग्लिस ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। लेकिन पंजाब को बड़ा झटका लगा जब कप्तान श्रेयस अय्यर 1 रन बनाकर आऊट हो गए। 13वें ओवर में जोश भी 23 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आऊट हो गए। 17वें ओवर में भुवी ने नेहल वढेरा का विकेट निकालकर पंजाब को बड़ा झटका दिया। नेहल ने 18 गेंदों पर 15 रन बनाए। मार्कोस स्टोइनिस भुवी की ही ओवर में 2 गेंदों पर 6 रन बनाकर आऊट हो गए। शशांक ने एक छोर संभाला और 30 गेंदों पर 61 रन बनाए लेकिन वह पंजाब को चैंपियन नहीं बना पाए।

#### जैमीसन-चहल ने दिए झटके

बेंगलुरु की टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा करने के मौके को गंवा दिया। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट गंवाए और कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। फिल साल्ट (16) और विराट ने टीम को सधी शुरुआत दिलाई, लेकिन दूसरे ही ओवर में जैमीसन ने साल्ट को आउट कर आरसीबी को पहला झटका दिया। इसके बाद कोहली ने मयंक अग्रवाल (24) के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। पावरप्ले तक आरसीबी की टीम 55 रन बना लिए थे। इसके बाद श्रेयस ने गेंद अपने सबसे भरोसेमंद गेंदबाज चहल को सौंपी और चहल ने अपने कप्तान का निराश नहीं किया। दूसरी ही गेंद पर उन्होंने मयंक को फंसाया और स्लाग स्वीप के चक्कर में वह डीप में अर्शदीप को कैच दे बैठे।

---

## पूर्वोत्तर में बाढ़ से तबाही, 36 की मौत, 5 लाख लोग हुए प्रभावित

एजेंसी ● नई दिल्ली

पूर्वोतर के राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है। बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 36 पहुंच गई है, तो 5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण मिजोरम में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, तो त्रिपुरा सरकार ने यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। मध्य प्रदेश में मानसून आने के रफ्तार धीमी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून आने में 10 दिन लग सकते हैं।

पूर्वोत्तर में बाढ़ और भूस्खलन के कारण असम में सबसे अधिक 11 लोगों की जान गई है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश में 11, मेघालय में छह, मिजोरम में पांच, सिक्किम में तीन और त्रिपुरा में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मिजोरम में भारी बारिश के कारण 10 जिलों के सभी स्कूल मंगलवार को चौथे दिन भी बंद रहे। भूस्खलन, बाढ़ और अन्य आपदाओं में अब तक म्यांमा के तीन शरणार्थियों सहित पांच लोगों की मौत हो चुकी है। असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



मणिपुर में नदियों के उफान और तटबंधों के टूटने से आई बाढ़ से 56,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, 10,477 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रभावित लोगों के लिए 57 राहत शिविर बनाए गए हैं। पिछले पांच दिनों में राज्य भर में भूस्खलन की 93 घटनाएं हुई हैं। सिक्किम में हुए भूस्खलन से लापता छह सैनिकों की तलाश के लिए 23 एनडीआरएफ कर्मियों की एक टीम उत्तरी सिक्किम के चट्टेन पहुंची। सैन्य शिविर में भूस्खलन से सेना के तीन कर्मियों की मौत हो गई थी।

## न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

एजेंसी ● नई दिल्ली



सरकार संसद के अगले सत्र में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में घिरे न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार सभी दलों के बीच सहमति बनाने का प्रयास करेगी। सरकार के वरिष्ठ सूत्रों ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से बात करेंगे ताकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर महाभियोग प्रस्ताव पर समर्थन हासिल किया जा सके। यह समिति तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने गठित की थी। तत्कालीन सीजेआई का पत्र मिलने के बाद ही केंद्र सरकार की ओर से जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी आरंभ हो गई थी। अब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है। देश के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की थी।

## इंदौर के राजा की पेड़ काटने वाले हथियार से हुई हत्या

संवाददाता ● इंदौर

इंदौर से हनीमून मनाने मेघालय गए इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। यह खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हुआ है। राजा और उसकी पत्नी सोनम 12 दिन पहले मेघालय गए थे। राजा का शव सोमवार को शिलॉन्ग में एक खाई में मिला था। सोनम अब भी लापता है। मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सिम ने बताया कि राजा की हत्या पेड़ काटने के हथियार से की गई थी। हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया है। जल्द ही केस खुलासा किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री को 16 दलों की चिट्ठी, संसद का विशेष सत्र की मांग

एजेंसी ● नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए I.N.D.I.A ब्लॉक की मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। इसमें 16 विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने जानकारी दी कि सभी दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी (AAP) और शरद पवार की एनसीपी मीटिंग में शामिल नहीं हुई। डेरेक ने बताया कि आप बुधवार को प्रधानमंत्री को अलग से चिट्ठी भेजेगी।

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए केंद्र सरकार ने 7 ऑल पार्टी डेलिगेशन को वर्ल्ड टूर पर भेजा है। इस हफ्ते के अंत तक सभी डेलिगेशन वापस भारत लौट जाएंगे।

विपक्ष उनके लौटने के बाद अगले हफ्ते विशेष सत्र में इस मुद्दे पर बहस की मांग कर रहा है। आरजेडी के मनोज झा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर हुआ। दुनिया के एक देश के राष्ट्रपति रोज संरपंचई कर रहे हैं। 15 दिन में 13 बयान दिए।

### सीडीएस चौहान ने भविष्य के युद्ध और युद्धकला विषय पर ऑपरेशन सिंदूर पर महत्वपूर्ण बातें बताईं

## भारत से 48 घंटे जंग की मंशा पाले बैठा पाक 8 घंटे में ही चित

एजेंसी ● पुणे

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पुणे विश्वविद्यालय में भविष्य के युद्ध और युद्धकला विषय पर अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर पर महत्वपूर्ण बातें बताईं। उन्होंने कहा कि भारत ने 48 घंटे की लड़ाई 8 घंटे में ही पूरी कर ली, और इसी दौरान पाकिस्तान ने बातचीत का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन दर्शाता है कि युद्ध केवल स्ट्राइक नहीं, बल्कि राजनीति का भी हिस्सा होता है।

सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में जहां युद्ध और राजनीति एक साथ चल रहे थे, वहीं हमें बेहतर काउंटर ड्रोन सिस्टम होने का फायदा मिला। उन्होंने



कहा कि 10 मई की रात 1 बजे पाकिस्तान युद्ध हार गया था। वे हमें 48 घंटे की लड़ाई में उलझाना चाहते थे लेकिन हमने उन्हें 8 घंटे में ही घुटनों पर ला दिया। फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं।

सीडीएस चौहान ने कहा, "हम प्रोफेशनल फोर्सेस के रूप में नुकसान और झटकों से प्रभावित नहीं होते। हमें अपनी गलतियों को समझकर सुधारना चाहिए और पीछे नहीं मुड़ना चाहिए।* उन्होंने स्पष्ट किया कि युद्ध में नुकसान से ज्यादा नतीजा मायने रखता है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर एक ऐसी युद्ध नीति का उदाहरण था जिसमें काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक दोनों तरह के युद्ध कौशल इस्तेमाल हुए।

#### युद्ध में उभरे ट्रेंड्स

**पहलाः** सेंसर टेक्नोलॉजी इस युद्ध के दौरान काफी अहम रहा, हमारे पास नेचुरल और ह्युमन मेडदोनों तरह के सेंसर हैं, न सिर्फ रेंज, बल्कि ह्युमन मेड सेंसर भी कई तरह के होते हैं, और इसकी तैनाती भी अलग-अलग जरूरतों पर की जाती है।

**दूसराः** ब्रह्मोस जैसी हाइपरसोनिक मिसाइलें और स्टील्थ टेक्नोलॉजी का इस युद्ध में काफी अहम योगदान रहा, जहां ड्रोन भी हैं, ये सब मिलकर ऐसे खतरे पैदा कर रहे हैं जिनका पता नहीं लगाया जा सकता।

**तीसराः** मानव रहित सिस्टम, स्वायत्त सिस्टम इसमें शामिल हैं। मानवयुक्त टैंक और मानव रहित टैंक वगैरह काफी अहम साबित हुए, या आगे के युद्ध में हो सकते हैं जिससे ताकत बढ़ेगी औरमानवीय जोखिम कम होगा।

## जागरूकता, स्वच्छता और हरियाली का समर्पित अभियान

# भोपाल मंडल में पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल

### रेलवे कॉलोनियों से लेकर स्टेशनों तक, वृक्षारोपण से लेकर नुक्कड़ नाटक तक भोपाल मंडल ने पर्यावरण सप्ताह में दिखाई अद्भुत एकजुटता और जागरूकता का परिचय

संवाददाता ● भोपाल







**अभियान**

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण हेतु सप्ताह भर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रेल परिसर एवं कॉलोनियों में स्वच्छता, हरियाली और सतत विकास को प्रोत्साहित करना रहा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सबसे पहले भोपाल, इटारसी, बीना और गुना स्थित रेलवे कॉलोनियों में डोर टू डोर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को गीला-सूखा कचरा पृथक रखने, प्लास्टिक के उपयोग से बचाव, और सामूहिक स्वच्छता बनाए रखने संबंधी जानकारी दी गई। इसी क्रम में, सामुदायिक सहभागिता से सफाई अभियान का आयोजन भी उपरोक्त रेलवे कॉलोनियों में किया गया, जिसमें स्थानीय रहवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

भोपाल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु विविध गतिविधियाँ संचालित की गईं। प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त यात्रा और अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी देने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया गया। स्टेशनों पर 'स्वच्छ स्टेशन–स्वस्थ यात्रा' विषय पर स्लोगन पोस्टर लगाए गए तथा ऑडियो अनाउंसमेंट के माध्यम से यात्रियों को प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त, वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नीतियों की जानकारी दी गई और मंडल के टिकट बुकिंग कार्यालयों में प्लास्टिक रहित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के माध्यम से कागज की बचत करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

विद्युत लोको शेड, इटारसी में 'पर्यावरण जागरूकता सप्ताह' के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। शेड के सेंट्रलाइज्ड स्टोर अनुभाग एवं समयपाल कार्यालय में अधीनस्थ कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नीतियों और व्यवहारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, पंडित हरिशंकर परसाई पुस्तकालय के वाचनालय में निबंध प्रतियोगिता और पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रेलकर्मी और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बी.टी.सी. इटारसी में कर्मचारियों को वेस्ट मैनेजमेंट और बायो टॉयलेट की कार्यप्रणाली तथा उसके लाभों के बारे में बताया गया। स्वच्छता के इन आधुनिक उपायों को समझाकर उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। विद्युत (सामान्य) विभाग द्वारा मंडल के विभिन्न डिपो में 'रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वाटर रीसाइक्लिंग इनिशिएटिव्स' पर केंद्रित अभियान चलाया गया। इस दौरान कर्मचारियों, यात्रियों एवं कॉलोनीवासियों को जल संरक्षण की आवश्यकता और तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। आरपीएफ भोपाल द्वारा मंडल के विभिन्न रेलवे परिसरों एवं खाली पड़ी रेलवे भूमि पर 315 पौधों का वृक्षारोपण कर हरियाली को बढ़ावा दिया गया। वृक्षारोपण के साथ ही रेल सुरक्षा बल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

इन सभी गतिविधियों के साथ-साथ मण्डल के स्टेशनों, कार्यालय परिसरों, समपार फाटकों, ट्रैक किनारे एवं रेलवे कॉलोनियों में सघन वृक्षारोपण किया गया। साथ ही, स्टेशनों पर बैनर, पोस्टर और साइन बोर्ड्स के माध्यम से व्यापक रूप से पर्यावरण जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि "भोपाल मंडल द्वारा चलाए गए इन अभियानों का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को पर्यावरण के प्रति सजग बनाना है, बल्कि रेलवे परिसर को अधिक स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना भी है। मंडल भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों का नियमित आयोजन करता रहेगा।



## शॉट न्यूज

### शराब पीने से रोका तो तोलकांटे पर तोड़फोड़

**इंदौर** । बाणगंगा इलाके में शराब पीने से मना करने पर गुस्साए बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया और तोड़फोड़ करते हुए युवक पर नुकीले हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। बाणगंगा पुलिस ने फरियादी अशोक यादव निवासी सांवेर रोड की शिकायत पर आदित्य जादौन निवासी नंदानगर और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे जय गोपाला तोल काटा के अन्दर आदित्य जादौन व उसके अन्य साथी शराब पी रहे थे जिसको मेरे यहां काम करने वाले कृष्णा चौहान ने शराब पीने से मना किया वह लोग नही मान रहे थे। उसी समय मैं तोल कांटे पर आया मैंने भी बोला तुम लोग यहां बैठकर शराब नही पियोंगे तो आदित्य तथा उसके साथी मुझे तथा मेरे कर्मचारियों को गालियां देने लगे तथा मेरे तोल कांटे पर तोड़फोड़ कर नुकसान किया। पड़ोस में पूजा सायकल सर्विस दुकान पर संदीप अहिरवार काम कर रहा था उसने भी उन लोगों को मना किया तो संदीप को इन लोगों ने किसी नुकीली चीज से सिर पर वार कर चोट पहुचाई।

### ऑनलाइन सट्टे के फरार आरोपी को भोपाल से पकड़ा

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से सट्टा संचालित करने वाली गैंग के फरार आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले 9 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। गत 4 मार्च को क्राइम ब्रांच ने ऊषागंज स्थित फ्लैट पर छापा मार कर को आरोपियों को गिरफ्तार कर 29 मोबाइल फोन कंप्यूटर लैपटॉप चेक बुक आदि सामान बरामद किया था। इस मामले में फरार राजेश कुमार जैन 55 साल निवासी मांगलिया मूल निवासी ललितपुर उत्तर प्रदेश को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा लिक के माध्यम से वरुण ऑनलाइन हब वेबसाइट पर सट्टा खिलाया जाता था एवं आरोपियों ने बताया कि जिन ग्राहकों को सट्टा लगाना रहता था उनसे पेमेंट अलग-अलग बैंक खातों में प्राप्त कर उन्हें लिंक भेज कर वरुण ऑनलाइन हब वेबसाइट की आईडी एवं पासवर्ड ग्राहकों को देते हैं एवं उसे आईडी पर जितने रुपए व्यक्ति ने जमा किए हैं उसके पॉइंट उनको उसे आईडी पर देते हैं जिसके बाद उक्त व्यक्ति सट्टा खेलता था।



## वार्ड 60 में विकास ड्रेनेज लाइन का काम शुरू...



**इंदौर।** वार्ड 60 में सेफी होटल चौराहे से हाथीपाला पुल तक ड्रेनेज लाइन के कार्य का शुरु हुआ। क्षेत्र रहवासी और व्यपारी काफी समय से ड्रेनेज लाइन चौक होने की समस्या से काफी परेशान थे। सेफी होटल चौराहे पर हमेशा ड्रेनेज का पानी भरा रहता था। मंडल महामंत्री राहुल राने, वार्ड मंडल सदस्य शब्बीर भाई बेगवाला के प्रयासों से आज ड्रेनेज लाइन के कार्य का शुभारंभ हो पाया। इस अवसर पर वरिष्ठ आदि क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## लावारिस मिली मासूम को पुलिस ने भेजा अस्पताल, बुआ पर केस

संवाददाता ● इंदौर

लसूड़िया इलाके में घायल हालात में पड़ी मिली 4 साल की मासूम को त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा हैं। उधर, जांच में पता चला कि मासूम पर उसी की बुआ ने हमला किया था अब बुआ के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही हैं। एसीपी अदित्य पटले(आईपीएस) ने बताया कि सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना लसूड़िया को सूचना मिली कि निरंजनपुर सब्जी मंडी के खाली मैदान में एक अज्ञात बालिका उम्र् लगभग 4 वर्ष की चोटिल अवस्था मे लावारिस पड़ी हुई है। सूचना पर लसूड़िया पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण की गंभीरता देखते हुये मौके पर टीम बनाकर रवाना की गई। मौके पर पहुंचकर टीम के द्वारा बालिका के परिजन की पता तलाश कर की गई, जो वहीं पर चद्दर बस्ती में रहने वाले सुशील मानठाकुर निवासी चद्दर बस्ती की बालिका आयुषी के रूप मे पहचान हुई। उसे तत्काल सुरक्षित करते हुये उपचार के लिये पिता सुशील मानठाकुर के साथ एमवाय अस्पताल उपचार के लिये रवाना किया गया और घटना की तस्दीक की गई तो पाया गया कि बालिका के साथ उसी की बुआ अनीता पति त्रिशूल मानठाकुर निवासी चद्दर बस्ती के द्वारा शराब के नशे मे पत्थर से मारपीट की गई एवं बाल पकडकर घसीट दिया गया, जिससे बालिका को सिर में चोटे आई है। प्रकरण में आरोपी बुआ अनीता मानठाकुर के विरूद्ध नियामानुसार धाराओ में अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है।

### शराब के नशे में विवाद दोस्त को मारा चाकू

**इंदौर**। भंवरकुआं इलाके में फ्लैट में शराब पी रहे दोस्तों के बीच विवाद में आरोपी ने फरियादी पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम अभिषेक पिता सुभाष सारनिया निवासी अग्रसेन चौराहा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी संदीप पुरानिया निवासी अन्नपूर्णा पर केस दर्ज किया गया। घटना ओरेन्ज ओडीसी मल्टी अग्रसेन चौराहा में हुई। फरियादी ने बताया कि दोस्त संदीप पुरानिया और हिमांशु यादव के साथ मेरे फ्लैट पर शराब पाट* कर रहे थे। आरोपी शराब के नशे मुझे गालियां देने लगा। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मारपीट की। झगड़ा करते हम दोनों किचन की ओर चले गए तो आरोपी दोस्त ने सब्जी काटने वाला चाकू उठा लिया और वार कर दिया। मैंने अपने हाथों से चाकू पकड लिया जिससे हथेली में चोट लगकर खून बहने लगा।

## यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

## इंजीनियरिंग के स्टूडेंट को दी नियमों की जानकारी

संवाददाता ● इंदौर

**अभियान**

इंदौर शहर के सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात के लिए नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन अरविंद तिवारी के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस की एजुकेशन विंग द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में यातायात नियमों की जागरूकता के लिए बंसल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 500 बच्चों के बीच यातायात के प्रधान आरक्षक रणजीत सिंह ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीवन इतना अमूल्य है, इसको मजाक नहीं बनाएं। आपकी थोड़ी सी जल्दी में आप अपने सपने और अपनों को खो देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि यातायात नियमों का पालन करें क्योंकि आपके घर पर मां-बाप, भाई-बहन, पत्नी-बच्चे और आपके सपने आपका इंतजार कर रहे हैं। लोगों को मरना है तो देश के लिए कुछ कर के मरो पर इस तरह अपनी बॉडी को यातायात दुर्घटना के कारण यदि घर भेजो तो सफेद कपड़ो में नहीं भेजें। कुछ ऐसा करो कि तिरंगे में सम्मान के साथ लपेट कर घर जाए पर रोड पर अपना जीवन न गवाएँ। सड़क दुर्घटना में मिली मौत से एक जीवन नही, बल्कि एक पूरा परिवार तोड़ देती है। परिवार बिखर जाता है। हेलमेट लगाएं, हेलमेट बोझ नहीं, अपनी सोच बदलो। 500 से अधिक छात्रों ने बहुत तन्मयता से यातायात जागरूकता में सहभागिता दी।



### विकास आयुक्त ने 50 कारीगरों को बांटे सिलाई मशीन, उपकरण और टूल किट

**इंदौर**। केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) ने कारीगरों और हस्तशिल्पिओं के लिए चलाए जा रहे महत्पूर्ण योजना 'उन्नत औजार वितरण' कार्यक्रम के तहत इंदौर और देवास में चर्मशिल्प में कार्य करने वाले 50 शिल्पिओं को उन्नत किस्म की सिलाई मशीन सहित टूल किट वितरण किया गया है। यह कार्यक्रम इंदवक्स हैंडीक्राफ्ट्स प्रोड्सर कंपनी लिमिटेड इंदौर के द्वारा लेदर क्राफ्ट क्लस्टर लोकनायक नगर में आयोजित किया गया। कंपनी के डायरेक्टर संदीप रॉय ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला स्वशक्तिकरण की नीति के तहत वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की योजना के माध्यम से हस्तशिल्प विकास एवं विस्तार कार्यक्रम के तहत उक्त औजार उपकरण वितरण किया गया है। योजाना से स्वरोजगार से जुड़े हुए हस्त शिल्पिओं को न केवल उनके मनोवल बढ़ेगा अपितु कारीगरों द्वारा बने उत्पाद, गुणवत्ता एवं कार्य क्षमताओं में भी वृद्धि होगी।

## रीगल होगा स्टेशन एयरपोर्ट से अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन को सबवे से कनेक्टिविटी मिलेगी।

# अब शुरू होगा अंडर ग्राउंड मेट्रो का काम, 16 मीटर गहरी सुरंग बनेगी

संवाददाता ● इंदौर

**निर्माण**

गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक अक्टूबर तक मेट्रो चलाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही मेट्रो के अंडर ग्राउंड हिस्से का काम शुरू होगा। भविष्य के इंदौर की लाइफ लाइन मेट्रो होगी। जमीन के नीचे 16 मीटर की गहरी सुरंग में कान्ह नदी के नीचे मेट्रो गुजरेगी और इससे जमीन तल पर बनी इमारों पर कोई असर नहीं होगा। दिल्ली में 1997 में मेट्रो का निर्माण शुरू हुआ था। आज भी वहां की जरुरत के मुताबिक अलग-अलग रुट पर मेट्रो चल रही है। इंदौर में भी अभी मेट्रो शुरू हुई। भविष्य इंदौर शहर के विस्तार व जरूरत के मुताबिक नए रूट पर मेट्रो का निर्माण किया जाएगा। इस तरह अब आगामी वर्षो में इंदौर में मेट्रो का विस्तार जारी रहेगा। एयरपोर्ट से अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन को सबवे से कनेक्टिविटी मिलेगी। दिल्ली के राजीव चौक की तर्ज पर रीगल का अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन तैयार किया जाएगा। यह ऐसा स्टेशन होगा जिससे भविष्य में शहर में एक छोर से दूसरे हिस्से तक बनने वाली नई मेट्रो लाइन भी कनेक्ट हो सकेगी। ये बातें नईदुनिया के विमर्श कार्यक्रम में इंदौर मेट्रो के अधिकारियों ने कही।



### इंदौर की पहली मेट्रो जहां सबसे पहले रिंग मॉडल तैयार हुआ

गांधी नगर क्षेत्र खाली जमीन आसानी से उपलब्ध होने के कारण वहां पर मेट्रो डिपो बनाया गया। यही वजह है कि सुपर कारिडोर पहले वायडक्ट बना। इस वजह से उस क्षेत्र में सबसे पहले मेट्रो चलाई गई। दिल्ली मुंबई में ट्रेफिक के दबाव का पीछा करते हुए मेट्रो का निर्माण किया गया। ये बातें मेट्रो के कंसल्टेंट एसएन झा ने कही। उन्होंने बताया कि इंदौर मेट्रो निर्माण में चीन के बीजिंग, शंघाई शहरों का माडल अपनाया गया। इसके तहत इंदौर में ट्रैफिक का दबाव को ध्यान में रखने के साथ उस क्षेत्र में मेट्रो चलाई गई जहां भविष्य में बसाहट होगी। एलिवेटेड हिस्से के मुकाबले अंडर ग्राउंड बनाने में ज्यादा खर्च व समय लगता है मेट्रो के जीएम (एलिवेटेड) रणवीर सिंह राजपूत ने बताया कि शहर में मेट्रो चलाने का उद्देश्य यह है कि दो पहिया व बसों के अलावा कारों से चलने वाले भी इसमें सफर कर सके। इसमें उन्हें लग्जरी के अनुभव के साथ सुरक्षा व कम समय में पहुंचने की सुविधा मिल सकेगी। मेट्रो के जीएम (अंडरग्राउंड) अजय कुमार ने बताया कि मेट्रो के एलिवेटेड हिस्से के मुकाबले अंडरग्राउंड हिस्से के निर्माण में 25 फीसद ज्यादा समय लगता है। इंदौर में कान्ह नदी के नीचे से मेट्रो की अंडर ग्राउंड सुरंग जाएगी। पुणे के अलावा कोलकाता की हुगली नदी के नीचे से भी अंडर ग्राउंड मेट्रो निकाली गई है। इंदौर में जमीन तल से 16 से 17 मीटर नीचे मेट्रो की सुरंग बनाई जाएगी। दिल्ली के हौज खास में अंडर ग्राउंड मेट्रो की दो लाइने क्रास कर रही है। ऐसे में वहां पर जमीन तल से 32 मीटर नीचे से मेट्रो जा रही है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 04 जून, 2025
www.adityabharat.com



### संस्कृति मंत्रालय सचिव ने विकास योजनाओं की समीक्षा

# केंद्रीय संग्रहालय और लालबाग पैलेस का किया निरीक्षण

**संवाददाता ● इंदौर**

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सचिव विवेक अग्रवाल ने सोमवार को लालबाग, केन्द्रीय संग्रहालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भारत सरकार द्वारा संग्रहालय के विकास कार्यों की प्रस्तावित योजना की समीक्षा की। साथ ही संग्रहालय में संजोयी पुरातत्वीय धरोहर तथा उसके प्रदर्शन की जानकारी ली। विवेक अग्रवाल ने संग्रहालय में ऑडियो गाईड व संग्रहालय भवन में प्रदर्शन व्यवस्था के संबंध में विभाग की ओर से स्क्रीप्ट तैयार करने के संबंध में निर्देश दिये, जिससे दर्शकों को इतिहास व पुरा सामग्री की जानकारी रूचिकर रूप से प्रस्तुत की जा सके। उन्होंने पटना संग्रहालय के अनुरूप संग्रहालय प्रदर्शन पर जोर दिया तथा संग्रहालय के स्टाफ व वास्तुविद को पटना संग्रहालय का अध्ययन किये जाने के निर्देश दिये। संग्रहालय के प्रस्तावित कैफेटरिया, सुविधाघर आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उनके द्वारा कैफेटेरिया को भी युवाओं के अनुरूप बनाये जाने पर जोर दिया गया, जिससे अधिक से अधिक युवा संग्रहालय से जुड़ सके।

**निरीक्षण**



## राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्तर की संस्था शुरू हो

सचिव अग्रवाल ने कहा कि इंदौर प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी होने के साथ-साथ साफ-सफाई में भी नंबर वन है। अब इसे कला के क्षेत्र में भी नंबर वन बनाना है। दिल्ली में जैसे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय है, जहां से बड़े-बड़े नाट्यकर्मी और फिल्म अभिनेता निकले हैं, ऐसी ही संस्था इंदौर में भी बने, इसके लिये केन्द्र और राज्य सरकार का सहयोग लिया जायेगा। यहां के स्थानीय कलाकारों के साथ संवाद किया जायेगा। इंदौर शहर से एम.एफ. हुसैन जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार हुए हैं और अभी भी कई ऐसे कलाकार हैं जो इंदौर की सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिये काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्तर की एक संस्था की शुरुआत की जाये। ललित कला को बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की आवश्यकता है।

## लालबाग में आधुनिक मुक्ताकाश का निर्माण होगा

19वीं सदी में जैसा लालबाग पैलेस था, उसको उसी स्वरुप में दिखाने के पूरे प्रयास किये जाएंगे। स्कूली बच्चों को अपनी कला प्रतिभा दिखाने के लिए आधुनिक मुक्ताकाश का निर्माण किया जायेगा। जिसमें नाटकों का मंचन होगा। इससे स्थानीय कला को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिये भारतीय मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण हेतु एक केन्द्र बनाया जायेगा। यह जानकारी वास्तुविद पुनीत सोहल और कार्यपालन यंत्री डी.एस. परिहार ने संभागायुक्त दीपक सिंह को प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी।

## शॉट न्यूज

### सब्जी खरीदने गई महिला की चेन चुराई

**इंदौर।** पिपलियाहाना हॉट बाजार में सब्जी खरीद रही बुजुर्ग महिला के गले से दो अज्ञात महिलाओं ने सोने की चैन चुरा ली। तिलक नगर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सूर्या देवी पति दिलीप भाटी 62 साल निवासी स्काई लाइफ मयंक ब्लू वाटर पार्क रोड के साथ घटना हुई। सूर्य भाटी ने पुलिस को बताया कि कल शाम 5:30 बजे वह पिपलियाहाना में हॉट बाजार गई थी या सब्जी खरीद रही थी इसी दौरान दो अज्ञात महिला उसके आसपास घूम रही थी। सब्जी खरीदने के बाद में वापस अपने घर जाने लगी तो मेरी नजर गले पर पड़ी तो चेन गायब देख मेरे होश उड़ गए। फरियादी सूर्य भाटी के मुताबिक दोनों महिला उसके गले से डेढ़ तोले की सोने की चैन चुरा कर ले गई। आज तिलक नगर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर दो अज्ञात महिलाओं की तलाश कर रही है।

### ट्रक में लगी आग सब्जी का ठेला भी जला

**इंदौर।** शहर में दो अलग अलग स्थानों पर आग की घटना सामने आई है।दिन में गत्ते भरे एक ट्रक में भीषण आग लग गई जबकि देर रात को एक सब्जी का ठेला आग में जल गया। दोनों ही जगह फायर ब्रिगेड के दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड को कल दोपहर सुपर कॉरिडोर पर एक मिनी ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। इस ट्रक में गत्ते भरे हुए थे। सूचना मिलते ही मौके पर टीम को भेजा गया। टीम ने करीब 35 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया लोकिन तब चक ट्रक जल चुका था। गत्ते भरे होने से आग भीषण हो गई थी। आसपास लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी। किसी जनहानि की सूचना नहीं है मगर ट्रक और उसमें रखे गत्ते जल गए। इधर कल देर रात 2.10 बजे राजकुमार मिल सब्जी मंडी ब्रिज के नीचे एक ठेले में आग लगने की सूचना मिली।

### पुलिस ने गुम 52 बालिकाओं को खोज परिजन को सौंपा

**इंदौर।** बीते मई माह में देहात क्षेत्र में गुम हुई 52 बालिकाओं को पुलिस टीमों ने खोजकर उनके माता-पिता को सौंपा है। अधिकृत पुलिस सूत्रों के मुताबिक ज़िले में नाबालिग बालिकाओं की गुमशुदगी के मामले लगभग प्रतिदिन सामने आ रहे है, जिससे संबंधित परिवार के लोगों को मानसिक रूप से काफ़ी परेशान होना पड़ता है। इसी को ध्यान रखते हुए वरिष्ठ अफसरों के दिशा-निर्देशन में पुलिस थानों की टीमों ने गुम बालिकाओं को खोजने के लिए विशेष अभियान मई 2025 में चलाया। इस मामले में थाना सांवेर, गौतमपुरा, किशनगंज, बेटमा और थाना सिमरोल ने उत्कृष्ट कार्य किया। थाना सांवेर और गौतमपुरा पुलिस ने 100% गुम बालिकाओं को खोजा वहीं थाना किशनगंज, बेटमा और सिमरोल पुलिस की सफलता का प्रतिशत 60% से 80% के बीच रहा है।

# मानसून की दस्तक के पूर्व किसान लगे फसलें बोवनी की तैयारी में

### कृषि विभाग बता रहा खेती के आधुनिक तरीके

**संवाददाता ● इंदौर**

नौतपा समाप्त हो गई है और अब मानसून की दस्तक जल्द होने वाली है। ऐसे में किसानों ने खेतों में भूमि की तैयारी भी शुरू कर दी है। उधर कृषि विभाग भी किसानों को फसल के आधुनिक तरीकों के बारे में जानकारी देने के लिए अभियान शुरू कर चुका है। यह अभियान इस माह की 15 तारीख तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य किसानों को पैदावार बढ़ाने और खेती के आधुनिक तरीके के साथ काम से कम खाद का इस्तेमाल करने की जानकारी देना है।

**अभियान**

जानकारी अनुसार खरीफ पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू हो चुका है। यह अभियान 12 जून तक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य कृषकों को खरीफ मौसम की क्षेत्रीय फसलों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रभावी उपयोग, विभिन्न सरकारी योजनाओं व कृषि नवाचारों की जानकारी देना है। साथ ही, किसानों से फीडबैक लेकर अनुसंधान की दिशा को और अधिक उपयोगी बनाना भी इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है।

### किसानों से जानेंगे वास्तविकता

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और संबंधित कृषि कालेज के वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। अभियान में कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभाग के मैदानी अधिकारियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की गई है। नवाचारी और प्रगतिशील कृषकों को अभियान में सम्मिलित कर उनके अनुभवों एवं नवाचारों को साझा किया जाएगा। क्षेत्र विशेष की खरीफ फसलों के लिए उन्नत तकनीकों एवं नई किस्मों की जानकारी किसानों को दी जाएगी। इसमें प्रमुख रुप से सोयाबीन फसल में मशीन उपयोग (बीबीएफ प्रणाली आदि) के बारे में बताया जाएगा। कृषि - ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन और इफको संस्थानों की सहायता से किया जाएगा। प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान में सरकारी योजनाओं की जानकारी और चर्चा के माध्यम से संतुलित खाद प्रयोग पर विशेष फोकस रहेगा। अभियान के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आईसीटी एवं ऑडियो- विजुअल माध्यमों द्वारा कृषकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र एवं विभागीय अधिकारी ग्रामवार कार्यक्रम का निर्धारण कर उसका संचालन करेंगे। जिले की खरीफ पूर्व तैयारियों को अभियान से जोड़ा जाएगा।

### इंदौर नगर निगम की मनमानी

## नेहरू पार्क में जिम उपकरणों पर बैठाया पहरा, उद्घाटन बिना इस्तेमाल नहीं



**संवाददाता ● इंदौर**

नेहरू पार्क में लगे व्यायाम करने के उपकरणों (ओपन जिम) पर नगर निगम ने रातों-रात पहरा बिठा दिया है। कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी और अनिल यादव ने बताया कि सभी उपकरणों के ऊपर नेट बांधकर ताले लगा दिए, जबकि कई दिनों से यहां सुबह घूमने आने वाले, योगा करने वाले आमजन इन उपकरणों का उपयोग कर रहे थे। नगर निगम की मनमानी के चलते इन उपकरणों पर नेट बांध दी गई। जिम्मेदारों से पूछने पर बताया कि अभी इनका उद्घाटन नहीं हुआ है, इसलिए इनका उपयोग नहीं कर सकते इन छोटे-छोटे उपकरणों का भी उद्घाटन कर वाही वाही लेने के चक्कर में कई सुबह आने वाले लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है। कांग्रेस ने कहा कि तत्काल इन उपकरणों पर से पहरा हटाया जाए, ताकि आम लोग इनका फायदा ले सके एक तरफ महापौर सुबह योगा करते हुए नजर आते है और उनके ही विभाग द्वारा इस तरह की तानाशाही की जा रही है।

### चालक का रद्द होगा लाइसेंस, 20 से ज्यादा चौराहों पर होगी सख्ती

# शहर में दो पहिया वाहनों पर दुकानदारी करने वालों की अब खैर नहीं



**संवाददाता ● इंदौर**

शहर के यातायात को बेहतर करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों के पंजीयन अब निरस्त किए जाएंगे, जो सामग्री बेचते हैं। साथ ही ब्लैक स्पाट वाले 20 से अधिक चौराहों पर सुधार कार्य किया जाएगा। बैठक में जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस के अफसर मौजूद थे।

**कार्रवाई**

बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहर में यातायात सुधार के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहे। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट को समाप्त किया जाए। कई चौराहों पर ब्लैक स्पाट बन गया है। यहां सड़क दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर सिंह ने यहां सुधार के कार्य जल्द शुरू करने के लिए कहा है। इन चौराहों के लेफ्ट टर्न होंगे चौड़े बैठक में निर्देश दिए गए कि यात्री बसों के फिटनेस की चेकिंग का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। यह अभियान ट्रैफिक और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित होगा। शहर के प्रमुख पिपलियाहाना चौराहा के एमपीईबी वाले लेफ्ट टर्न को चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही इंडस्ट्रीज हाउस तिराहा, गीता भवन चौराहा, जीपीओ चौराहा, छावनी चौराहा के लेफ्ट टर्न भी चौड़े किए जाएंगे।

**इन चौराहों पर ब्लैक स्पॉट** – ब्लैक स्पॉट चौराहों में तीन इमली चौराहा, रालामंडल चौराहा, तेजाजी नगर चौराहा, कैलोद करताल फाटा, बाईपास रोड, विशेष जुपिटर हॉस्पिटल के सामने तीन इमली रोड, प्रभु तोल-कांटा नेमावर रोड, डेकाथलान के सामने, बाईपास ओमेक्स सिटी के सामने, बेस्ट प्राइस के सामने, टाटा शोरूम के सामने, बिचोली अंडरपास आईटी पार्क चौराहा, लवकुश चौराहा, गांधी नगर रिंजलाय फाटा, देवास नाका चौराहा आदि शामिल हैं।

# शहर में जून की पहली बारिश

### सुबह से बादल छाए, कुछ इलाकों में बूंदाबांदी

**संवाददाता ● इंदौर**

जून महीने की आमद के साथ ही बारिश ने भी दस्तक दे दी है। हालांकि यह बारिश रिमझिम ही हुई और कुछ ही क्षेत्रों में देखने को मिली। फिलहाल शहर में उमस बनी हुई है, लेकिन पहले की तुलना में असर कुछ कम हुआ है। इस समय इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में प्री-मानसून का दौर चल रहा है। मंगलवार सुबह से भी बादल छाए हुए हैं। सुबह 10 बजे कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने आज तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

पिछले 24 घंटों में इंदौर में दिन का तापमान 1 डिग्री सेल्सियस कम हुआ है, जबकि रात का तापमान 1 डिग्री बढ़ गया है। सोमवार को दिन का तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री कम है। रात का तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। सोमवार को शहर के कुछ हिस्सों में दो-तीन मिनट तक हल्की बारिश हुई। सुबह से दोपहर तक धूप-छांव का सिलसिला चलता रहा, फिर शाम 5 बजे के करीब बादल छाए, तेज हवाएं चलीं और हल्की बारिश भी हुई। इस दौरान तापमान राहत देने वाला रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक, मानसून से पहले प्रदेश में प्री-मानसून की गतिविधियां जारी हैं। दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज आंधी चल रही है तो कहीं बारिश हो रही है। यह स्थिति 6 जून तक बनी रह सकती है। इंदौर में फिलहाल एक सप्ताह तक तेज बारिश की संभावना नहीं है।



प्रदेश में मानसून की एंट्री 10 जून के बाद ही संभावित है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून फिलहाल महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में एक ही स्थान पर रुका हुआ है और पिछले कुछ दिनों से आगे नहीं बढ़ा है। आज भी इंदौर में मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। सुबह के वक्त हवा चलने से हल्की ठंडक का एहसास होगा। 11 बजे से 2 बजे के बीच तेज धूप रहेगी, लेकिन इसके बाद बादल छा सकते हैं और हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो जाएगा। प्री-मानसून के दौरान इंदौर में अब तक कुल 8.1 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है।

### राजस्व विभाग ने जारी किए टेंडर, पूरे वर्षभर चलेगा काम

# जीआईएस से अब संपत्तियों की खोज करवाएगा निगम

**संवाददाता ● इंदौर**

आर्थिक तंगी से जूझता नगर निगम अब राजस्व बढ़ाने के नए रास्ते और साधन ढूंढ रहा है। इसी के तहत निगम अब जीआईएस (जियोग्राफी इनफॉरमेशन सिस्टम) के माध्यम से नई पुरानी और ऐसी संपत्तियों की खोज करेगा, जिनमें नक्शे से अधिक निर्माण किया गया है। इसके लिए निगम के राजस्व विभाग ने टेंडर जारी किए हैं। यह टेंडर इसी महीने 13 तारीख को खोले जाएंगे। जीआईएस नई संपत्तियां की खोज का कार्य पूरे वर्ष भर जारी रहना है। इस प्रणाली का उपयोग कर उन सभी संपत्तियों की खोज की जाएगी जो निगम अधिकारियों द्वारा खोजी नहीं जा सकी है। इसे यह भी कहा जा सकता है कि जो अवैध निर्माण निगम अधिकारियों द्वारा अन्य आय के चक्कर में छोड़ दिए गए हैं उन्हें अब इस सिस्टम से तलाश कर टैक्स वसूली की जाएगी।

**निर्माण**

जानकारी अनुसार नगर निगम का राजस्व विभाग अब निगम की आय बढ़ाने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है। यहां यह भी प्रासंगिक है कि विगत कुछ वर्षों से नगर निगम आर्थिक तंगहाली से जूझ रहा है। शासन द्वारा भी जो चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि निगम को दी जाती है वह कटौती करके दी जा रही है। इससे दिन-ब-दिन निगम की आर्थिक हालत बिगड़ती ही चली जा रही है। हालत यह है कि निगम को अब विकास कार्य करने के लिए कर्ज तक लेना पड़ रहे हैं।



ऐसी स्थिति में नगर निगम शहर भर की उन संपत्तियों की खोज के लिए जीआईएस का इस्तेमाल करेगा जिसे निगम को बड़ी मात्रा में राजस्व की प्राप्ति हो सकती है। यह सभी जानते हैं कि शहर में बड़े पैमाने पर नशे के विरुद्ध निर्माण किया जाता है। इस नियम विरुद्ध कार्य को निगम के ही भवन अधिकारी और भवन निरीक्षक (बीओ-बीआई) अन्य आय कर अवैध निर्माण होने देते हैं। इससे जो आए निगम को प्राप्त होना चाहिए वह इन अधिकारियों की जब में पहुंच जाती है। जीआईएस से नई संपत्तियों के खोज का कार्य पूरे वर्ष भर चलेगा। निगम को उम्मीद है कि इससे उन संपत्तियों का भी पता चलेगा जिम नशे से अधिक निर्माण कार्य किया गया है। साथ ही इस अधिक निर्माण कार्य से निगम को भरपूर टैक्स की प्राप्ति होने की भी उम्मीद है।

### हर झोनल ऑफिस में बीओ-बीआई फिर भी जीआईएस की जरूरत

नगर निगम के शहर में 22 झोनल कार्यालय हैं। हर झोनल आफिस में बीओ-बीआई सही अन्य भरपूर अमला पदस्थ है। इस समस्त अमले का कार्य इस प्रकार की संपत्तियों की जांच और खोज करना है जिसे निगम को राजस्व की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही शहर भर में होने वाले अवैध निर्माण को भी रोकना इन्हीं अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसके बाद भी शहर भर में ढलने से अवैध निर्माण होते हैं और इनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई भी नहीं की जाती। इसका कारण यही है कि झोनल दफ्तर में देना भरपूर अमला अन्य आय के चक्कर में इनकी जानकारी नहीं उपलब्ध कराता। कुछ अवैध निर्माण कार्य राजनीतिक शह के चलते भी नहीं रोक जाते। अब देखना है कि जीआईएस से निगम कितनी नई संपत्तियां खोज पता है और उसे के राजस्व की कितनी प्राप्ति होती है।

# ऑफिस में खुशी अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि कल्चर होना चाहिए

आप दफ्तर में वॉशरूम जाना चाहते हैं। लेकिन आप बेचैन हो रहे हैं, वो इसलिए नहीं कि वॉशरूम में कोई है, बल्कि इसलिए क्योंकि आप अपना चश्मा रखने के लिए कोई ऐसी जगह तलाश रहे है, जो कि लौटने पर याद रहे कि वहां से चश्मा उठाना है। कई बार ऐसा हुआ है कि आप चश्मा कहीं भूल जाते हैं और फिर पूरा ऑफिस उसे ढूंढने में लग जाता है, क्योंकि बिना चश्मे के आप एक लाइन भी नहीं पढ़ सकते। और लेकिन गोगी आपकी इस परेशानी को जानता है। वह तभी आपके पास आता है, बिना कुछ कहे आपके कंधे पर हाथ रखता है। आप मुड़कर उसे धन्यवाद देते हैं, चश्मा उसके चेहरे पर टिकाते हैं और वॉशरूम की ओर दौड़ पड़ते हैं। गोगी आपकी टेबल पर बैठ जाता है और एक तरफ से देखता रहता है कि आप कितनी जल्दी वॉशरूम से लौटते हैं। पर आप पानी के कूलर के पास खड़े होकर दोस्त से बात करने लगते हैं। गोगी को आपका यह समय बर्बाद करने वाला रवैया पसंद नहीं आता। वह गर्दन उठाता है, चश्मे के ऊपर से आपको गुस्से भरी नजर से देखता है, जिसका मतलब है ह्लसमय बर्बाद मत करो, आकर अपना चश्मा ले लो, मुझे रोहित की मदद करनी है।ह्व

आप दोस्त से माफी मांगते हैं, कहते हैं ह्लगोगी इंतजार कर रहा है, मुझे जाना है,ह्व और दौड़कर गोगी को धन्यवाद देते हैं। गोगी बिना कुछ कहे ऑफिस के कोने में रोहित के पास चला जाता है। बाहर से देखने वालों को ये अजीब लग सकता है कि गोगी ने कुछ नहीं कहा, पर ऑफिस के लोग इसकी वजह जानते हैं। चलिए मैं आपका परिचय गोगी से कराता हूं। उसके केआरए (की रिजल्ट एरिया) की पहली लाइन है कि वह किसी को दुखी नहीं करेगा और केआरए की दूसरी लाइन है कि वह ऑफिस में सभी को खुश रखेगा। यही वजह है कि उसे चीफ हैप्पीनेस ऑफिसर (सीएचओ) का पद दिया गया है! बेंगलुरु के गोगी की तरह, लैरी इंग्लैंड में काम करता है, पोशी और लियो दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों से इसी पद पर हैं।

अब बताइए, इन चारों में क्या समानता है? मुझे मालूम है, आपके दिमाग में क्या आ रहा होगा। आप सोच रहे होंगे, ये कैसा सवाल है। जवाब तो खुद सवाल में ही है, जाहिर है वे सभी सीएचओ हैं। पर मैं बता दूं कि आपका जवाब गलत है। इन सभी के चार पैर और एक पूंछ है और वे अलग-अलग नस्लों के डॉग्स व कैट हैं। ये सब हाल ही में तब खबरों में आए जब हैदराबाद स्थित एक स्टार्टअप ह्यहार्वेस्टेड रोबोटिक्सह्ण में एक गोल्डन रिट्रीवर डेनवर को इसी पद पर भर्ती किया गया। डेनवर कोडिंग नहीं करता, वह बस गोगी की तरह देखभाल करता है। वह बस आता है, दिल जीतता है और ऊर्जा बनाए रखता है। उसका काम सभी कर्मचारियों के आने से पहले शुरू होता है, वह दरवाजे पर उनका स्वागत करता है, डेडलाइन्स में दबे लोगों के पास बैठता है और चुपचाप उनका मनोबल बढ़ाता है। वे ऑफिस में क्या करते हैं? उनका मुख्य काम आपको और मुझे उत्पादक बनाना है! आप ताज्जुब कर रहे होंगे कि कैसे? वे आपके शरीर में तनाव लाने वाले कोर्टिसोल हॉर्मोन को कम करते हैं और अच्छा महसूस कराने वाला हार्मोन ऑक्सीटोसिन को बढ़ाते हैं। सीएचओ नियुक्त करने के पीछे विज्ञान है। डॉग स्वाभाविक रूप से लोगों का तनाव हल्का करते हैं, एक अपनापन पैदा करते हैं और लोगों को माइंडफुलनेस तरीके से थोड़ा विराम लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं- यह कुछ ऐसा है, जो अधिकांश कर्मचारियों को चाहिए लेकिन वे शायद ही कभी करते हैं। और डॉग्स जानते हैं कि डेडलाइन्स इंसानों को नहीं मार सकते लेकिन संबंधों का अभाव मार सकता है। इसलिए वे आपके पास आते हैं और आपसे जुड़ते हैं ताकि आप और हम उत्पादकता बढ़ा सकें। फंडा यह है कि नियोक्ताओं को ऑफिस में हंसी-खुशी वाला कल्चर बनाना चाहिए और इसे प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि आपके कर्मचारी भी हंसते-मुस्कराते हुए घर जाएं और फिर गोगी से मिलने के लिए भी हंसते-खिलखिलाते हुए दफ्तर आएं और इस तरह यह सिलसिला यूं ही चलता रहे।

**ये सब हाल ही में तब खबरों में आए जब हैदराबाद स्थित एक स्टार्टअप ह्यहार्वेस्टेड रोबोटिक्सह्ण में एक गोल्डन रिट्रीवर डेनवर को इसी पद पर भर्ती किया गया। डेनवर कोडिंग नहीं करता, वह बस गोगी की तरह देखभाल करता है। वह बस आता है, दिल जीतता है और ऊर्जा बनाए रखता है। उसका काम सभी कर्मचारियों के आने से पहले शुरू होता है, वह दरवाजे पर उनका स्वागत करता है, डेडलाइन्स में दबे लोगों के पास बैठता है और चुपचाप उनका मनोबल बढ़ाता है।**

## संत वचन

आज, चर्च एंटिओक के प्रसिद्ध सेंट इग्नाटियस का पर्व मनाता है, जो एक महान चर्च फादर और प्रारंभिक चर्च के प्रसिद्ध शहीदों में से एक थे, जिनका साहस, विश्वास और ईश्वर के प्रति समर्पण वास्तव में हम सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा।

# मैन्युफैक्चरिंग की मजबूती कई बातों पर निर्भर करती है

जहां एक तरफ इस पर चचाएं चल रही हैं कि क्या अमेरिका अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए डॉलर का अवमूल्यन करने के लिए तैयार है या नहीं, यह नोट किया जाना चाहिए कि डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत मुद्रा नहीं है और दशकों से ऐसा नहीं रहा है। यह खिताब स्विस फ्रैंक के नाम है। स्विस फ्रैंक पिछले 50 वर्षों, 25 वर्षों, 10 वर्षों और 5 वर्षों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाली मुद्रा रही है। वह पिछले साल भी शीर्ष के करीब रही थी, जब कुछ अन्य संकटग्रस्त मुद्राओं ने भी डॉलर के मुकाबले बेहतर वापसी की थी। लेकिन जहां तक टिकाऊपन का सवाल है तो कोई भी स्विट्जरलैंड के फ्रैंक का मुकाबला नहीं कर सकता। फिर भी स्विट्जरलैंड इस धारणा को

**एडिट.नोट**

खारिज करता है कि एक मजबूत मुद्रा किसी देश के निर्यात को गैर-प्रतिस्पर्धी बनाकर उसके व्यापारिक कौशल को कमजोर कर देती है। उलटे उसके निर्यात में वृद्धि हुई है। उसकी जीडीपी (75%) और वैश्विक निर्यात (लगभग 2%) में उसका योगदान ऐतिहासिक उच्च स्तर के करीब है।

वास्तव में, मुद्राओं के मूल्यांकन को लेकर वैश्विक चचाएं अनावश्यक रूप से उन्मादग्रस्त हो गई हैं, जबकि यह किसी देश की प्रतिस्पर्धी स्थिति को आकार देने वाले कई फैक्टर्स में से एक भर ही है। जर्मनी और जापान के स्वर्णयुग वाले दिनों की तरह स्विट्जरलैंड ने भी ऐसी उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है कि दुनिया मेड इन स्विट्जरलैंड का लेबल देखते ही करंसी प्रीमियम का भुगतान करने को तैयार हो जाती है। हालांकि स्विस बैंक अवैध सम्पत्तियों के एक आश्रय के रूप में बदनाम हैं, लेकिन स्विट्जरलैंड की अर्थव्यवस्था ने लंबे समय से असाधारण गतिशीलता और प्रतिस्पर्धी रेंज दिखाई है। एक दशक से भी अधिक समय से स्विट्जरलैंड ने संयुक्त राष्ट्र की सबसे इनोवेटिव अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। वह इनोवेशन में बड़े पैमाने पर संसाधन लगाता है- उदाहरण के लिए व्यावहारिक विश्वविद्यालयीन शिक्षा और आर-एंड-डी के माध्यम से। वह प्रति कार्य-घंटे पर 100 डॉलर से अधिक जीडीपी उत्पन्न करता है- जो दुनिया की शीर्ष-20 में किसी भी अन्य अर्थव्यवस्था की तुलना में अधिक है। उसकी विकेंद्रीकृत राजनीतिक और आर्थिक प्रणाली छोटे उद्यमों को प्रोत्साहित करती है, जिनका स्विस कंपनियों में 99% से अधिक योगदान है। फार्मास्यूटिकल्स से लेकर लग्जरी सामानों तक में प्रतिस्पर्धी व्यवसायों में भी उसकी बड़ी हिस्सेदारी है।

हार्वर्ड की ग्रोथ लैब ने निर्यात की जटिलता के लिए स्विट्जरलैंड को शीर्ष 20 अर्थव्यवस्थाओं में पहला स्थान दिया है। यह निर्यात की जाने वाली वस्तुओं को उत्पादित करने के लिए आवश्यक उन्नत कौशल का एक माप है। उसके निर्यात में चॉकलेट और घड़ियों से लेकर दवाइयां और रसायन तक सब शामिल हैं। यह इस धारणा को झुठलाता है कि मजबूत मुद्राएं कारखानों पर ताले लगा देती हैं। वास्तव में, जीडीपी के 18% के साथ स्विट्जरलैंड का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बड़ा है। उसके आधे से अधिक निर्यात हाई-टेक हैं- जो अमेरिका, जर्मनी या जापान के स्तर से दोगुने से अधिक हैं।

चूंकि उन्नत वस्तुएं अधिक महंगी हैं, इसलिए उसने 1980 के दशक की शुरूआत से ही हर साल उसके चालू खाते को सरप्लस में रखने में मदद की है, और यह तब से ही जीडीपी के औसतन 4% से अधिक रहा है। स्विट्जरलैंड ने चुपचाप ही एक सदाबहार-अर्थव्यवस्था बना ली है। चाहे डॉलर बढ़ रहा हो या गिर रहा हो, और चाहे वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी में हो या सुधार में, स्विस फ्रैंक लगातार बढ़ता रहा है।

पलकी शर्मा-लेखक

# हमें अपनी पूर्वी सीमा पर भी कड़ी नजर बनाए रखनी होगी

बांग्लादेश की कलई अब खुलने लगी है। वहां अराजकता का माहौल है, सत्ता के लिए खींचतान मची है। एक तरफ सरकार के अंतरिम मुखिया मुहम्मद यूनुस हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी)। एक समय था जब दोनों में आपसी समझ बन गई थी, पर अब ऐसा नहीं है। अब वे एक खुली लड़ाई में उलझे हैं और इसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। पिछले सप्ताह बीएनपी ने ढाका में एक विशाल रैली निकाली। हजारों लोग सड़कों पर उतरे और दिसम्बर तक चुनाव कराने की मांग की। यूनुस टोकियो रवाना हो गए और विदेश से ही व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर हम अराजकता चाहते हैं, तो जरूर दिसम्बर में चुनाव करा सकते हैं, लेकिन वास्तविक सुधारों के लिए छह महीने और चाहिए।

जबकि अंतरिम नेता के तौर पर यूनुस को तटस्थ रहना चाहिए, पार्टियों पर टीका-टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। दूसरे, वे पूरी तरह से गलत हैं। यह सिर्फ बीएनपी की ही मांग नहीं है। 12 दलों का गठबंधन भी जल्दी चुनाव चाहता है। बांग्लादेश के अधिकांश राजनीतिक खिलाड़ी चुनाव के लिए तैयार हैं। तब अनुमान लगाइए कि कौन इससे अचकचा रहा है? यूनुस के समर्थक- जमात-ए-इस्लामी और छात्र दल- ये चुनाव में देरी के लिए दबाव डाल रहे हैं। वे चाहते हैं कि पहले अवामी लीग को दंडित किया जाए। उन्हें चुनाव में हार का डर है। बीएनपी को यह पता है। उसके एक नेता ने पलटवार करते हुए कहा- चुनाव में देरी की ख्वाहिश किसी पार्टी की नहीं, एक व्यक्ति की है और वो हैं- यूनुस बीएनपी लामबंद हो रही है। पिछले सप्ताह के विरोध-प्रदर्शनों से संकेत मिला है कि वह चुनावों के लिए एक बड़े सार्वजनिक आंदोलन की तैयारी कर रही है। लेकिन यूनुस भी असहाय नहीं हैं। उनके पास बांग्लादेश के कट्टरपंथी इस्लामी समूहों की ताकत है, और शायद बाहरी शक्तियों की भी। पाकिस्तान का उदाहरण देखें। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) द्वारा पंजाब में आयोजित एक रैली ने सबकी त्योरियां चढ़ा दीं।

एलईटी का मुजम्मिल हाशमी- जो कि एक नामित आतंकवादी है- ने शेख हसीना को हटाने में अपनी भूमिका के बारे में शेखी बघारी। यह सच हो न हो, लेकिन चिंतनीय बात जरूर है। यूनुस के प्रमुख सहयोगी दल जमात-ए-इस्लामी के पाकिस्तान की आईएसआई से गहरे संबंध हैं और 1971 के नरसंहार को बढ़ावा देने का उसका खूनी इतिहास रहा है। दोषी ठहराए जा चुके आतंकियों को यूनुस के राज में आजाद कर दिया गया है और ह्यराजनीतिक कैदीह्ण के रूप में उनकी री-ब्रांडिंग की जा रही है।

यूनुस पाकिस्तान के सैनिकों को आमंत्रित कर रहे हैं, वीजा-प्रक्रिया को आसान बना रहे है, व्यापार शुरू कर रहे हैं, राजनयिकों की मेजबानी कर रहे हैं। वे बांग्लादेश के संस्थापक-सिद्धांतों को उलट दे रहे हैं, जिसके तहत पाकिस्तान के इस्लामिक-दृष्टिकोण को खारिज किया गया था। तीन कारणों से नई दिल्ली को सतर्क रहना चाहिए। अव्वल तो यह कि सीमा पर तनाव बढ़ रहा है। भारत के बीएसएफ और बांग्लादेश के बीजीबी के बीच हाल में गतिरोध हुआ था, लेकिन घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए चेतावनी के तौर पर सीमा पर गोलियां चलाई गईं। 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा पर तनाव चरम पर है- जो कि भारत की सबसे लंबी सीमा है। यूनुस के पाकिस्तान के साथ मेलजोल और कट्टरपंथियों को रिहा करने से एक चिंगारी भी अराजकता को भड़का सकती है।

दूसरे, चुनाव भारत की जीवन-रेखा हैं। हसीना के बाद ढाका से हमारे सम्बंध विच्छिन्न-से हो गए हैं। भारत वहां पर जल्दी चुनाव कराने पर जोर दे रहा है, क्योंकि उसे लगता है कि निर्वाचित सरकार के साथ फिर से बातचीत शुरू की जा सकती है। लेकिन पाकिस्तान के साथ लामबंद यूनुस ऐसी कोई उम्मीद नहीं देते हैं। तीसरे, यूनुस क्षेत्रीय शतरंज की बिसात बदल रहे हैं। वे पाकिस्तान से निकटता बढ़ा रहे हैं और चीन के लिए दरवाजे खोल रहे हैं। खबरें हैं कि बीजिंग लालमुनीरहाट में एयरबेस बनाने की तैयारी कर रहा है। यह भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर से 20 किलोमीटर दूर है और पूर्वोत्तर को मुख्य-भूमि से जोड़ने वाला चिकन-नेक है। वहां चीन का पैर जमाना हमारे लिए सीधा खतरा है। यहां तक कि अमेरिका भी म्यांमार में सहायता कॉरिडोर बनाने की कोशिश कर रहा है, जिसे बांग्लादेश की सेना ने खारिज कर दिया है। ऐसा नहीं है कि भारत चुप बैठा है। नई दिल्ली भी सीमा के पास त्रिपुरा में कैलाशहर हवाई अड्डे का कायाकल्प कर रही है।

## बिजनेस

# एमआरएफ फिर से टॉप पर... वापस पाया भारत के सबसे महंगे स्टॉक का ताज




**नई दिल्ली:** भारत के सबसे महंगे स्टॉक की दौड़ में एमआरएफ ने फिर से बाजी मार ली है। एमआरएफ ने एल्सिड इन्वेस्टमेंट (एूं क्ल्ल५ी२३ेिल्ल३२) को पीछे छोड़ दिया है। पिछले कुछ महीनों में एमआरएफ के शेयरों में लगातार तेजी आई है। मंगलवार को एमआरएफ का शेयर 1,37,834.30 रुपये पर बंद हुआ। मार्च में यह शेयर 1,02,124 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया था। वहां से एमआरएफ ने अच्छी रिकवरी की है।

वहीं एल्सिड इन्वेस्टमेंट कुछ समय के लिए सबसे महंगा स्टॉक बन गया था। मंगलवार को यह शेयर गिरावट के साथ 1,29,300 रुपये पर बंद हुआ। एल्सिड के शेयर अपने रेकॉर्ड हाई से लगभग 60% गिर गए हैं। नवंबर 2024 में एल्सिड का शेयर 3,32,399.95 रुपये पर था।एल्सिड अक्टूबर 2024 में अचानक सुर्खियों में आया था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इरए) ने एक स्पेशल कॉल ऑक्शन किया था। इस ऑक्शन में एल्सिड के शेयर की कीमत बहुत बढ़ गई थी। 29 अक्टूबर को एल्सिड का शेयर सिर्फ 3.53 रुपये से बढ़कर 2,36,250 रुपये हो गया था। एक ही दिन में 66,92,535% की बढ़ोतरी हुई थी। ये बहुत बड़ी उछाल थी।सेबी चाहता था कि होल्डिंग कंपनियों की सही मार्केट वैल्यू पता चले। कई होल्डिंग कंपनियां अपनी बुक वैल्यू से बहुत कम पर कारोबार कर रही थीं। एल्सिड के मामले में ऑक्शन की वजह से ये कुछ समय के लिए भारत का सबसे महंगा स्टॉक बन गया। उस समय एमआरएफ की कीमत 1,22,576 रुपये थी। एल्सिड ने एमआरएफ को भी पीछे छोड़ दिया था।एल्सिड की ये तेजी ज्यादा दिन नहीं टिक पाई। नवंबर 2024 में एल्सिड का शेयर सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा। उसके बाद से इसमें गिरावट आ रही है। इसकी एक बड़ी वजह ये है कि एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट आई है। एल्सिड की एशियन पेंट्स में 1.28% हिस्सेदारी है। अक्टूबर 2024 में इस हिस्सेदारी की वैल्यू 3,616 करोड़ रुपये थी। अब ये घटकर 2,775 करोड़ रुपये हो गई है। एल्सिड का मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 2,584 करोड़ रुपये है। ये एशियन पेंट्स में उसकी हिस्सेदारी की वैल्यू से भी कम है। पिछले एक साल में एशियन पेंट्स के शेयर 21% से ज्यादा गिर गए हैं। दो साल में लगभग 30% की गिरावट आई है।

### राज-काज

## पतंजलि पर पैसे के लेन-देन में गड़बड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को केंद्र सरकार ने पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर नोटिस भेजा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी जांच एजेंसियों को पतंजलि के पैसों के लेन-देन में गड़बड़ियां मिलीं हैं। एजेंसियों ने कई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को संदिग्ध माना है। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने पातंजलि को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर जवाब देने को कहा है। जांच शुरूआती चरण में है, इसलिए रकम का खुलासा नहीं हुआ है। कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों के उल्लंघन और फंड डायवर्जन की आशंका पर जांच शुरू की गई है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है।

# बिल गेट्स ने कर दिया खुलासा, अपने बच्चों को छोड़ेंगे सिर्फ इतनी संपत्ति




**नई दिल्ली:** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वे अपनी दौलत का बहुत कम हिस्सा अपने बच्चों को देंगे। वह संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा अफ्रीका में स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए खर्च करेंगे। ये काम अगले 20 सालों में किया जाएगा। इथियोपिया के अदीस अबाबा में अफ्रीकी संघ के मुख्यालय में बोलते हुए गेट्स ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी ये कोशिशें अफ्रीका के लोगों की तरक्की में मदद करेंगी और सभी देशों में खुशहाली लाएंगी।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक बिल गेट्स की नेटवर्थ अभी 175 बिलियन डॉलर है। वह दुनिया के 5वें सबसे अमीर शख्स हैं। माना जा रहा है कि अगले 20 साल यानी 2045 तक उनकी नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर हो जाएगी। ऐसे में उन्होंने फैसला किया है कि वे अपने बच्चों को इसका सिर्फ 1% ही देंगे। बाकी 99% संपत्ति दान कर देंगे। यानी बिल गेट्स अगले 20 वर्षों में अफ्रीका को 198 बिलियन डॉलर की रकम देने की योजना बना रहे हैं।गेट्स ने अफ्रीकी संघ के मुख्यालय में मौजूद 12,000 अधिकारियों, राजनयिकों और युवाओं से कहा, 'मैंने हाल ही में ये फैसला किया है कि मेरी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा अगले 20 सालों में दान कर दिया जाएगा। इस पैसे का ज्यादातर भाग अफ्रीका में आने वाली मुश्किलों को दूर करने में मदद करेगा।'

गेट्स ने अच्छी सेहत और शिक्षा को विकास की नींव बताया। उन्होंने कहा कि सेहत और शिक्षा के जरिए लोगों की क्षमता को बढ़ाकर, अफ्रीका का हर देश तरक्की की राह पर चल सकता है। इस राह का हिस्सा बनना बहुत ही रोमांचक है।गेट्स की संस्था बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देगी। खासकर, मां और बच्चे की सेहत को सुधारने पर उनका जोर रहेगा। गेट्स ने समझाया, 'हमने ये सीखा है कि अगर मां गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था के दौरान स्वस्थ रहे और उसे अच्छा पोषण मिले, तो इसके बहुत अच्छे नतीजे मिलते हैं।' उन्होंने ये भी कहा कि बच्चों के पहले चार सालों में अच्छा पोषण मिलना उनके भविष्य के लिए बहुत जरूरी है।

# यस बैंक के शेयर धड़ाम, सुबह-सुबह ही आई 9% से ज्यादा की गिरावट

**नई दिल्ली:** यस बैंक के शेयर मंगलवार को धड़ाम हो गए। मार्केट खुलने के दो घंटे के भीतर ही इनमें 9 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ गई। शेयरों में गिरावट का कारण ब्लॉक डील के लिए इक्विटी का लेन-देन होना रहा। खबर है कि आज के सत्र में कई ब्लॉक डील में बैंक की 3% इक्विटी का मालिकाना हक बदल गया। ब्लॉक डील का मतलब है जब बहुत सारे शेयर एक साथ खरीदे या बेचे जाते हैं। इससे शेयर की कीमत पर असर पड़ता है। ज्यादा शेयर बेचने की वजह से मंगलवार को यस बैंक के शेयर की कीमत गिर गई।

सोमवार को यस बैंक का शेयर 23.27 रुपये पर बंद हुआ था। मंगलवार सुबह यह गिरावट के साथ खुला। खुलने के बाद इसमें और गिरावट आती गई। मंगलवार सुबह 11:30 बजे यह शेयर 8 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 21.22 रुपये पर कारोबार कर रहा था। शुरूआती दो घंटे के कारोबार के दौरान यह 9 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 21.05 रुपये पर आ गया था। हालांकि इसके बाद इसमें थोड़ी तेजी देखी गई।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक पीई इन्वेस्टर इस लेनदेन में शेयर बेच रहा है। हालांकि खरीदार और विक्रेता या लेनदेन के बारे में कोई अन्य जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। इसके अलावा, यह स्टॉक आज सुर्खियों में रहने की संभावना है। क्योंकि प्राइवेट लेंडर का बोर्ड फंड जुटाने के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए बैठक करने वाला है। सोमवार को यस बैंक का शेयर 8% से अधिक बढ़ गया था। यह द्ब३८ 500 इंडेक्स पर तीसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला स्टॉक था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मीडिया में खबरें आई थीं कि सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (रटइउ) भारत में पूरी तरह से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी संचालित करने के लिए नियामक अनुमोदन मांग रहा है। अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह कदम यस बैंक में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने की रटइउ की रणनीति का हिस्सा है।सोमवार को यस बैंक के शेयर बीएसई पर 23.27 रुपये पर बंद हुए, जो 8.4% ऊपर था। वहीं बेंचमार्क सेंसेक्स 0.09% नीचे था। स्टॉक साल 2025 में अब तक 19% ऊपर है और पिछले तीन महीनों में 39% बढ़ा है।



श्रीनगर के लाल चौक पर लोग भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते हैं।

## जनजातीय योद्धा राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में कैबिनेट

# सरकार के लिए जनकल्याण-जन सेवा सर्वोपरि : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

**कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के लिए जन सेवा के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सर्वोपरि है। यह वर्ष अनेक सेवा प्रकल्पों के कारण जाना जाएगा। जन सेवा और सुशासन की प्रतीक लोकमाता अहिल्या देवी जी के 300 वें जन्मदिन को उल्लास से मनाया गया। भोपाल में हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति थी और भोपाल के नागरिकों ने इस कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया। अब जनजातीय योद्धा राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में केबिनेट बैठक रखी गयी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान में वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की जयंती और प्रसून सारंग की स्मृति में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में हुए इस कार्यक्रम में जहां वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया, वहां सामूहिक विवाह भी संपन्न हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा माता-पिता की स्मृति में यह आयोजन सराहनीय है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए माता-पिता के साथ बिताया समय यादगार होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जन्म लेना और मृत्यु को प्राप्त होना तय है, लेकिन जन्म और मौत के मध्य यात्रा कितनी सार्थक रही यह महत्वपूर्ण है। स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग जी ने भी जीवन में सेवा कार्यों को अपनाया। हमारी भारतीय संस्कृति में सेवा का विशेष महत्व है और यह सनातन संस्कृति की पहचान भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मों के आधार पर जीवन बनता है। मध्य प्रदेश सरकार ने सतपुड़ा अंचल के राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया है।

राजा भभूत सिंह ने संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को संगठित किया और कुशल नेतृत्व देकर बाहरी ताकतों के विरुद्ध निरंतर लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नई पीढ़ी को ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व के बारे में जानकारी देना आवश्यक है, ताकि युवा पीढ़ी विरासत पर गर्व करे और लोगों के जीवन को बदलने के अभियान में सहभागी बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में कुटुंब परंपरा है और मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुजुर्गों की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया और नवदंपतियों को बधाई दी।



### माता-पिता भगवान से भी पहले आते हैं : केंद्रीय मंत्री चौहान

केंद्रीय किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माता-पिता भगवान से भी पहले आते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री विश्वास सारंग को अपने माता-पिता की स्मृति को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रुप में मनाने के संकल्प को साधुवाद देता हूं। स्व. कैलाश सारंग केवल विश्वास सारंग के पिता नहीं, बल्कि हमारे जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और पालक थे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वी।डी। शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय स्व. कैलाश नारायण सारंग के जयंती को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रुप में मनाने वाले मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दूसरों के लिये प्रेरणा का काम किया। स्व. सारंग ने जो भूमिका संगठन के अंदर निभाई है, वो हमारे जैसे भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### समाज का हर बुजुर्ग माता-पिता के समान : मंत्री सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि पूज्य पिता स्व. कैलाश नारायण सारंग की पुण्यस्मृति में उनकी जयंती को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मातृ-पितृ भक्ति व सेवा दिवस के रुप में मनाया गया। समाज का हर बुजुर्ग हमारे माता-पिता के समान है। उनकी सेवा करना हमारा सनातन धर्म हमें सिखाता है। भगवान श्री गणेश, प्रभु श्री राम एवं श्रवण कुमार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता की भक्ति देवों की भक्ति के समान है। उनका पूजन करने से सभी देवों के पूजन का पुण्य प्राप्त हो जाता है। कार्यक्रम में करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश शांडिल्य महाराज ने कहा कि माता-पिता की सेवा से ही ईश्वर प्रसन्न होता है। गुफा मंदिर के महंत श्रीराम प्रवेश दास महाराज ने मंत्रोच्चारण से मातृ-पितृ भक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, पूर्व मंत्री सत्यनारायण जटिया, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अन्य वरिष्ठ मौजूद थे।कार्यक्रम में 31 बेटियों का विधि-विधान से विवाह सम्पन्न करवाया गया। लगभग 1100 वरिष्ठजनों का सम्मान कर उपहार दिए गए।

## शॉर्ट न्यूज

### कुत्ते के भौंकने पर मालिक को मार दी गोली, हालत गंभीर

**ग्वालियर**। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में कुत्ते के भौंकने पर बदमाशों ने कुत्ते के मालिक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना कंपू थाना क्षेत्र के कैंसर पहाड़ी की है। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश फॉरेस्ट की जमीन पर कब्जा कर वहां प्लाटिंग कर रहे थे। जिसकी शिकायत क्षेत्रवासी और घायल ने की थी। इसी बात को लेकर भी उनके बीच विवाद भी चल रही था। ग्वालियर के कंपू थाना क्षेत्र के मांढरे की माता मंदिर के पास झुग्गी बस्ती में रहने वाला संजय खाना खाने के बाद रात 12 बजे अपने भाई सचिन के साथ घर के बाहर टहल रहा था। इस बीच कपिल, रिंकू और रामवरण नाम के युवकों ने दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा 5 अभ्यर्थियों पर प्रकरण दर्ज

**ग्वालियर**। मध्य प्रदेश में आरक्षक जीडी भर्ती परीक्षा 2023 में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। ग्वालियर पुलिस ने मुरैना, श्योपुर और शिवपुरी जिलों के पांच अभ्यर्थियों पर दस्तावेजों में धोखाधड़ी और सॉल्वर के जरिए परीक्षा दिलवाने के आरोप में केस दर्ज किया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के दौरान यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। जांच में पता चला कि इन अभ्यर्थियों ने जुलाई 2023 में अपने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक और फोटो अपडेट कराया था, जिसमें असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर का फोटो डाला गया। इसके बाद जब 16 अगस्त से 15 सितंबर 2023 के बीच लिखित परीक्षा हुई तो उनके स्थान पर सॉल्वर ने परीक्षा दी।

### 'ट्रांसफार्मर' की लंबी उम्र के लिए की पूजा...

**भिंड**। मध्य प्रदेश के चंबल इलाके में बिजली संकट से लोग इतने परेशान हैं कि जब उनके इलाके में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, तो उन्होंने इसकी लंबी उम्र की कामना करते हुए ट्रांसफार्मर की पूजा की, मिठाई बांटी और नए ट्रांसफार्मर की स्थापना को उत्सव की तरह मनाया। यह अनोखा मामला भिंड जिले से सामने आया है। भिंड शहर के गांधीनगर में रहने वाले लोगों ने नए ट्रांसफार्मर की स्थापना को बड़ी धूमधाम से सेलिब्रेट। कुछ समय पहले गांधीनगर में ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। यह ट्रांसफार्मर लंबे समय से ठीक ढंग से काम कर रहा था, लेकिन हाल ही में इसमें अचानक खराबी आ गई। इस वजह से स्थानीय लोग बिजली संकट से जूझने लगे। जब स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को दी, तो कुछ ही समय में गांधीनगर में नया ट्रांसफार्मर पहुंच गया। बिजली विभाग ने इसे स्थापित किया।

# शहर में लगा एमपी का पहला ओपन 'ऑक्सीजन स्टेशन'

### लोगों को मिल सकेगी फ्री एंट्री; घर पर भी उगाया जा सकेगा मिनी जंगल

संवाददाता ● भोपाल

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजधानी भोपाल के डीबी मॉल में मध्यप्रदेश का पहला ओपन ऑक्सीजन स्टेशन बनाया गया है। यह स्टेशन आम लोगों के लिए फ्री है। इसे 'जंगल वास' संस्था ने तैयार किया है। इसकी खास बात ये है कि इस तरह का ऑक्सीजन स्टेशन कोई भी व्यक्ति अपने घर की छत, बालकनी, पेंटहाउस, कैफे या ऑफिस में तैयार कर सकता है। भोपाल के डीबी मॉल में लगा यह ऑक्सीजन स्टेशन 1 जून से 5 जून तक दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। इसका मकसद है कि लोग देख सकें कि कैसे छोटे स्तर पर भी पर्यावरण के लिए बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

#### क्या है ऑक्सीजन स्टेशन?

भोपाल की पर्यावरणविद् और जंगल वास की संस्थापक साक्षी भारद्वाज ने बताया कि ऑक्सीजन स्टेशन एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है, जो बायोडायवर्सिटी और सस्टनेबिलिटी को बढ़ावा देता है। इसमें कम्पोस्ट (एक प्रकार का जैविक खाद है, जो पत्तियों, रसोई का कचरा आदि के अपघटन से बनता है) जैसे प्राकृतिक और टिकाऊ मटेरियल का उपयोग किया गया है। इसमें 10 से लेकर 1000 प्रकार की पौधों की प्रजातियां लगाई



जाती हैं। इनमें हवा शुद्ध करने वाले, खाने योग्य और पौधे शामिल होते हैं।

**डीबी मॉल में लगे दुनियाभर से लाए गए चुनिंदा पौधे –** साक्षी ने बताया कि यह एक जरिया है जहां कोई भी व्यक्ति अपने घर की छत, बालकनी, पेंटहाउस, कैफे या ऑफिस में छोटा-सा ऑक्सीजन जोन तैयार कर सकता है। वहीं, इसमें तरह तरह के पेड़ पौधे होते है जो ज्यादा मात्रा में आक्सीजन देते है। साक्षी ने बताया कि यह सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का एक तरीका है। अब तक मध्य प्रदेश के में कुल 100 ऑक्सीजन स्टेशन बनाए जा चुके है। लेकिन डीबी मॉल में लगाया गया यह पहला ऑक्सीजन स्टेशन होगा जो ओपन हैं। साथ ही यहां पर इनडोर और आउटडोर पौधे लगाएं गए है।

# शहर में आज इन रास्तों से जाने से बचें

संवाददाता ● भोपाल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज भोपाल दौरे पर है। सुबह लगभग साढ़े 10 बजे से ट्रैफिक डायवर्ट है। राहुल गांधी एयरपोर्ट से रवाना होकर स्टेट हैंगर तिराहा, लालघाटी, वीआईपी रोड, रेतघाट, पॉलिटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा, रोशनपुरा, अपेक्स बैंक तिराहा, लिंक रोड-एक और 1250 चौराहा होते हुए पीसीसी कार्यालय पहुंचे है। नेता प्रतिपक्ष के विशेष प्लेन एयरपोर्ट लैंड होने पर गांधी नगर/एयरपोर्ट की ओर से आने वाला यातायात गांधीनगर, आशाराम तिराहा से करोंद बायपास होकर परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। जो यातायात पॉलिटेक्निक चौराहा से वीआईपी रोड आएगा। उसे मोती मस्जिद, सदर मंजिल, कलेक्टरेट, लालघाटी ओवर ब्रिज से संचालित किया जाएगा। रोशनपुरा से पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर आने वाला यातायात गांधी पार्क, पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा, तलैया थाना तिराहा, भारत टॉकीज चौराहा, हमीदिया रोड होकर आ-जा सकेगा। लिंक रोड एक की ओर आने वाला यातायात लिंक रोड दो का उपयोग कर आवागमन कर सकेगा। इन रास्तों पर सभी प्रकार के भारी वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। आकस्मिक सेवा एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड के आवागमन पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं रहेगा। पीसीसी कार्यालय कार्यक्रम के दौरान व्यापमं की ओर से पीसीसी कार्यालय की ओर, 1250 चौराहा से पीसीसी कार्यालय की ओर, सिंधु भवन से पीसीसी कार्यालय की ओर आवागमन परिवर्तित रहेगा। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्री परिवर्तित मार्गों का उपयोग करें।

# टोल कर्मियों ने यात्रियों से की बदसलूकी, महिलाओं को मारा



संवाददाता ● शिवपुरी

मध्य प्रदेश के शिवपुरी से टोल प्लाजा के कर्मचारियों की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहां से एक तीर्थ यात्रियों से भरी बस जा रहा थी, उसे रोक कर टोल कर्मचारियों ने अवैध वसूली को कोशिश की। इस बात का विरोध करने पर टोल कर्मियों ने न सिर्फ बस के स्टाफ को पीटा बल्कि तीर्थ यात्रियों में शामिल पुरूषों से भी मारपीट करते हुए लड़कियों के साथ बदतमीजी की। इसका एक वीडियो भी इन दिनों तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इंदौर जिले के अलग-अलग तहसीलों के रहने वाले लोग चारधाम की यात्रा पर गए थे। चारों धाम की यात्रा करने के बाद वह लौटकर ओंकारेश्वर जा रहे थे। इसी क्रम में सोमवार की सुबह 10 बजे जब तीर्थ यात्रियों की यह बस शिवपुरी के पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर पहुंची तो टोल बूथ में बैठे कर्मचारी ने बस के ड्राइवर से कहा कि बस ओवर लोड है, तीन हजार रुपये लगेंगे। इस पर बस के चालक ने उसे बताया कि बस में 50 यात्री सवार हैं, तो ओवरलोड कहां से हुई? इस पर टोल कर्मियों ने बस का कांटा करवाने को कहा, तीर्थ यात्रियों ने टोल कर्मियों से कहा कि यह कोई माल गाड़ी थोड़े ही है, जो इसका कांटा करवाया जाएगा। इसी बात पर टोल कर्मियों ने तीर्थ यात्रियों के साथ मारपीट कर दी। एक टोलकर्मी बस के अंदर घुसा और उसने बस में सवार महिलाओं और लड़कियों के साथ मारपीत करते हुए बदतमीजी भी की। तीर्थ यात्रियों के अनुसार जब टोलकर्मियों ने महिलाओं और लड़कियों से मारपीट करते हुए बदतमीजी की तो वह सब उन्हें मारने के लिए बस से उतरे, लेकिन वह लोगों का आक्रोश देखकर टोल छोड़कर भाग गए।

### तीर्थ यात्रियों ने टोल पर किया चक्काजाम

लड़कियों और महिलाओं के साथ हुई बदतमीजी और मारपीट के विरोध में तीर्थ यात्रियों ने टोल पर चक्काजाम कर दिया, जिससे वहां गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जिसके बाद कोलारस पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने तीर्थ यात्रियों को किसी तरह समझा-बुझाकर मामले जाम क्लियर करवाया। खास बात यह है कि यह टोल प्लाजा लुकवासा चौकी अंतर्गत आता है, लेकिन घटना के एक घंटे बाद तक भी लुकवासा चौकी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

# भोपाल में रिमझिम, उज्जैन में तेज बारिश हुई

संवाददाता ● भोपाल

**मौसम**

मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। मई के बाद जून में भी प्रदेश के किसी न किसी जिले में बारिश हो रही है। मंगलवार को उज्जैन में तेज बारिश हुई। भोपाल-इंदौर के कुछ इलाकों में भी रिमझिम बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार, आज ग्वालियर-चंबल के 8 जिलों में आंधी की रफ्तार 60Km प्रतिघंटा तक रहेगी। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 38 जिलों में भी आंधी-बारिश का अलर्ट है। इससे पहले, सोमवार को भोपाल, इंदौर, रतलाम-धार समेत कई जिलों में मौसम बदला रहा। मंगलवार को जिन 8 जिलों में तेज आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट है, उनमें ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, आगर-मालवा, मंदसौर और नीमच शामिल हैं। इसी तरह भोपाल, इंदौर, उज्जैन, मुरैना, भिंड,



निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, श्योपुर, राजगढ़, सतना, मऊगंज में भी आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है।

#### भोपाल, रतलाम-धार में गिरा पानी

प्रदेश में मई महीने के बाद जून के शुरुआती दिनों में भी आंधी-बारिश का दौर जारी है। सोमवार की शाम भोपाल में मौसम बदला। इसके बाद हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ। रतलाम और धार में भी बारिश हुई। मौसम का मिजाज बदलने की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है। सोमवार को भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 34.6 डिग्री, ग्वालियर में 38.7 डिग्री, उज्जैन में 36 डिग्री और जबलपुर में पारा 37.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रीवा, खजुराहो और सीधी में ही पारा 40 डिग्री के पार रहा। वहीं, प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा सबसे कम 29.8 डिग्री रहा। बता दें कि पचमढ़ी में ही मंगलवार को मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट होनी है।

### पार्किंग विवाद में किया हमला हार्न बजाते ही पड़ोसी डंडा लेकर निकला

# 4 लोगों ने 2 भाइयों को लात-घूसों, डंडों से पीटा

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल के नूर महल इलाके में वाहन पार्क करने को लेकर चार लोगों ने मिलकर दो भाइयों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से दोनों की पिटाई कर दी। कुछ देर में आरोपी लहूलुहान हालत में दोनों युवकों को छोड़कर फरार हो गए। मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। चारों नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय अरबाज खान मुंशी हुसैन तालाब के पास नूर महल में रहता है और मेडिकल स्टोर पर काम करता है। उसका चचेरा भाई अयान खान अपनी मां परवीन को अस्पताल से चेक कराने के बाद रविवार की देर रात घर लौटा था। यहां उसने देखा की उनकी पार्किंग में पड़ोसी जावेद ने अपनी कार पार्क कर रखी है। हार्न बजाने पर जावेद डंडा लेकर बाहर निकला और अयान को गालियां देने लगा। शोर की आवाजें सुनने के बाद अरबाज घर के बाहर निकला। अरबाज ने पुलिस को बताया कि वह जावेद को समझाने का प्रयास कर रहे थे। तभी जावेद के घर से उसका साला सादिक, साले का ससुर इंसाफ और साले का बेटा कैफ बाहर आए। सभी ने निकलकर अरबाज और अयान पर हमला कर दिया। सिर में डंडा लगने से अरबाज को गंभीर चोट आई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### डीए और लाड़ली बहना योजना की किस्तें करेंगे जमा; अब 4.31 लाख करोड़ का कुल कर्ज


# 4500 करोड़ का फिर कर्ज लेगी सरकार

संवाददाता ● भोपाल

**कर्ज**

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार नए वित्त वर्ष में दूसरी बार 4500 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। यह कर्ज 2000 करोड़ और 2500 करोड़ रुपए का होगा। इसके पहले मई में ढाई-ढाई हजार करोड़ रुपए के दो कर्ज लिए गए थे। इस तरह चालू वित्त वर्ष में सरकार पर कर्ज की राशि 9500 करोड़ रुपए हो जाएगी जबकि कुल कर्ज का आंकड़ा बढ़कर 431240.27 करोड़ रुपए हो जाएगा। सरकार कर्ज की इस राशि से विकास कार्य कराने के साथ कर्मचारियों के महंगाई भत्ते, लाड़ली बहना योजना की किस्तें जमा करने और बारिश के पहले निर्माण संबंधी कामों पर आए खर्च का भुगतान करेगी।

नए वित्त वर्ष में अप्रैल का महीना छोड़ने के बाद हर महीने फिर कर्ज लिए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। वित्त विभाग के अनुसार 3 जून को आरबीआई के माध्यम से दो लोन मोहन सरकार लेने जा रही है जिसका भुगतान 4 जून को होने वाला है। पहला लोन



2000 करोड़ रुपए का है जो 16 साल के लिए लिया जाएगा और सरकार ब्याज के साथ इसकी अदायगी 4 जून 2041 तक करेगी।

इसी तरह दूसरा लोन 2500 करोड़ रुपए का है जो 18 साल के लिए लिया जा रहा है। इसका भी भुगतान 4 जून को होगा और यह 4 जून 2043 तक ब्याज के साथ चुकाया जाएगा।

### 7 मई को लिया था 5 हजार करोड़ का कर्ज

मोहन यादव सरकार ने इसके पहले 7 मई को दो कर्ज ढाई-ढाई हजार करोड़ रुपए के लिए हैं। मई में ढाई हजार करोड़ का पहला कर्ज 12 साल के लिए सात मई को लिया गया था जिसका ब्याज सात मई 2037 तक के लिए चुकाना है। इसी तरह ढाई हजार करोड़ रुपए का दूसरा कर्ज सात मई को ही 14 साल के लिए लिया गया है। जिसकी भरपाई सात मई 2039 तक ब्याज के रुप में होगी।

**रेवेन्यू सरप्लस बताया -** सरकार ने अपनी रेवेन्यू को लेकर कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार 12487.78 करोड़ के रेवेन्यू सरप्लस में थी। इसमें आमदनी 234026.05 करोड़ था जबकि खर्च 221538.27 करोड़ रहा। इसके विपरीत वित्त वर्ष 2024-25 में प्रदेश सरकार की रिवाइज्ड आमदनी 262009.01 करोड़ और खर्च 260983.10 करोड़ बताया है। इस तरह पिछले वित्त वर्ष में भी सरकार की आय 1025.91 करोड़ सरप्लस बताई गई है।

# दीपिका की 8 घंटे शिफ्ट डिमांड पर बहस जारी



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर निकलने को लेकर चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक, दीपिका ने फिल्म के सेट पर रोजाना केवल आठ घंटे काम करने सहित कुछ शर्तें रखीं थीं, जिन्हें निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कोई दीपिका की तारीफ कर रहा है, तो कोई इसे 'अनरियलिस्टिक' बता रहा है। मणिरत्नम ने किया दीपिका का समर्थन मशहूर निर्देशक मणिरत्नम ने हाल ही में अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज से पहले इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है यह एक सही मांग है। मुझे खुशी है कि वह (दीपिका) ऐसी स्थिति में है कि वो ये मांग कर सकती है। मुझे लगता है कि एक फिल्ममेकर के तौर पर जब आप कास्ट करते हैं, तो आपको इसे ध्यान में रखना चाहिए। यह कोई बेवजह की बात नहीं है, बल्कि एक जरूरी चीज है। इसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आपको इसे स्वीकार करना होगा, समझना होगा और इसके मुताबिक काम करना होगा।" हाल ही में जब एक्ट्रेस राधिका आप्टे से पूछा गया कि क्या फिल्म इंडस्ट्री में नई माओं को प्रेरणा और समर्थन मिल रहा है? तो हाल ही में मां बनी राधिका ने कहा, 'मैंने समझ लिया है कि भारत में जिस तरह से काम होता है, वह अब मेरे लिए संभव नहीं है क्योंकि यहां एक सामान्य शिफ्ट ही कम से कम 12 घंटे की होती है। इसमें मेकअप का समय शामिल नहीं होता। हेयर और मेकअप मिलाकर यह 13 घंटे हो जाता है, ऊपर से ट्रैवल का समय भी जोड़ लीजिए और कोई शूटिंग समय पर खत्म नहीं होती।' राधिका आप्टे ने आगे कहा,'अगर शूटिंग समय पर खत्म न हो, तो यह 15 घंटे से भी ज्यादा हो जाता है। मैंने अपने करियर में ज्यादातर 16-18 घंटे तक काम किया है, लेकिन अब यह मेरे लिए मुमकिन नहीं है। मैं ऐसा नहीं कर सकती, क्योंकि अगर मैंने ऐसा किया, तो मैं कभी अपनी बेटी को देख ही नहीं पाऊंगी।'

# रोमांस में डूबे कार्तिक-अनन्या, 'तू मेरी मैं तेरा...' फिल्म का फर्स्ट लुक जारी, इस दिन होगी रिलीज




फिल्म 'भूल भुलैया 3' से बॉलीवुड में तहलका मचाने के बाद अब कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के साथ आने वाले हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी होगी। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो गया है, अब फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर ने इसकी रिलीज डेट भी फाइनल कर दी है। ये फिल्म 13 फरवरी 2026 (वैलेंटाइन डे वीकेंड) को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बता दें कि इस फिल्म में कार्तिक के साथ अनन्या पांडे लीड रोल में दिखाई देंगी। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे दूसरी बार ऑन स्क्रीन रोमांस करते हुए दिखाई देंगे। कार्तिक और अनन्या की नई फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है फिल्म निर्माता करण जौहर ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का फर्स्ट लुक शेयर किया है। करण ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'प्यार में डूबा हुआ।। हमारे रे से मिलिए और उनकी रूमी (अनन्या पांडे) से परिचय करवाइए। करण ने जो फोटो शेयर की है, उसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे एक दूसरे को किस कर रहे है। दोनों ने अपने लिप्स के आगे पासपोर्ट लगाया हुआ है। पोस्टर से साफ है कि ये एक रोमांटिक जॉनर मूवी होने वाली है। बता दें कि इस फिल्म के साथ कार्तिक और अनन्या दूसरी बार स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगे। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इस फिल्म से पहले 'पति-पत्नी और वो' में साथ काम कर चुके हैं। जिसमें भूमि पेडनेकर भी अहम रोल में थीं। अब दर्शक एक बार फिर इन दोनों को स्क्रीन पर साथ देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। गौरतलब है कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच 2021 में अनबन हुई थी। जिसकी वजह से कार्तिक को करण की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, जाह्नवी कपूर और लक्ष्य ललवानी लीड रोल में होने वाले थे। हालांकि, बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई और करण जौहर ने कार्तिक के 33वें जन्मदिन पर उनके साथ एक नई फिल्म (तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी) का ऐलान किया था।

# टॉम क्रूज का जलवा जारी!



हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। दुनियाभर के सिनेमा लवर्स उनकी अपकमिंग फिल्मों का इंतजार करते हैं। एक्टर की हिट एक्शन फ्रेंचाइजी का जिक्र अक्सर लोगों के बीच चलता है। ओटीटी पर भी लोग उनकी मूवीज को बार-बार देखना पसंद करते हैं। इन दिनों उनकी हिट फ्रेंचाइजी मिशन इम्पॉसिबल की आखिरी फिल्म चर्चा में बनी हुई है। इस मूवी का क्रेज भारत में भी काफी ज्यादा है। रिलीज के साथ ही फिल्म ने ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा भारत में कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्मों की लिस्ट में जगह बना ली। मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग को दर्शकों और फिल्म क्रिटिक्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी इसका प्रीमियर किया गया था। यह साल 2023 की मिशन इम्पॉसिबल द डेड रेकनिंग का सीक्वल भी है। इसके साथ ही, यह फ्रेंचाइजी की आठवीं और आखिरी फिल्म भी है। इन तमाम कारणों के चलते एमआई- 8 को सिनेमाघरों में दर्शकों की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, टिकट खिड़की पर यह लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। इस फिल्म के प्रदर्शन का असर अन्य बॉलीवुड मूवीज पर पड़ रहा है। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज की पॉपुलैरिटी भारत में भी काफी ज्यादा है। शायद वह इकलौते ऐसे अभिनेता हैं, जिनके फैंस हर आयुवर्ग के लोग है।

# कुशा कपिला ने घटा लिया इतना सारा वजन, अस्पताल में होना पड़ा भर्ती!



इंटरनेट सेंसेशन और एक्ट्रेस कुशा कपिला इन दिनों ना सिर्फ अपने काम बल्कि अपने जबरदस्त बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर भी काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब कुशा कपिला ने अपने इस वेटलॉस के बारे में कुछ खुलासे भी किए हैं। हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर करते हुए कुशा ने बताया कि उनकी इस ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी में कितने दर्द और चैलेंजेस छिपे थे। वीडियो में उन्होंने एक सीरियस बीमारी, बचपन के ट्रॉमा और बॉडी इमेज से जुड़ी जद्दोजहद को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले कुछ वक्त से अपने इतने सारे ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो देख चुकी हूं कि मुझे लगने लगा जैसे मैं खुद अपनी बॉडी में नहीं हूं। जैसे कोई और मेरी बॉडी के बारे में मुझसे ज्यादा बात कर रहा हो।' अपनी वेटलॉस ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी के बारे में बात करते हुए कुशा ने बताया कि वजन को लेकर उनका स्ट्रगल बचपन से ही शुरू हो गया था। 'जब मैं 10 साल की थी, तभी वजन बढ़ना शुरू हो गया था। लोग मुझे 'मोटू' बुलाते थे। 13 साल की उम्र में उनकी मां ने उन्हें एक जिम में जॉइन करवा दिया था। उस समय उन्होंने लगभग 22 किलो वजन घटाया, लेकिन इसका असर उनके सेल्फ कॉन्फिडेंस पर पड़ा।

# बड़े पर्दे पर फिर दस्तक देगी रेखा की 'उमराव जान'



बॉलीवुड में फिल्मों के री-रिलीज का चलन खत्म होने वाला नहीं है। सनम तेरी कसम से लेकर कई ऐसी फिल्में हैं, जिन्हें दूसरा मौका मिलने के बाद दर्शकों का ज्यादा प्यार मिला है। लेकिन कुछ पुरानी फिल्में सिनेमा लवर्स ओटीटी पर भी बार-बार देखना पसंद करते हैं। इनकी लिस्ट में दिग्गज अभिनेत्री रेखा की फिल्मों का नाम भी शामिल किया जाता है। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक शानदार फिल्मों में काम किया है। आज के यूवा दर्शक भी उनकी एक्टिंग से खास लगाव महसूस करते हैं। अब एक्ट्रेस की एक हिट फिल्म को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज किया जा रहा है। करीब 44 साल बाद रेखा की एक हिट और शानदार फिल्म को सिनेमाघरों में उतारने का फैसला मेकर्स ने लिया है। इस मूवी में उन्होंने एक तवायफ का रोल निभाया था। इसकी भूमिका निभाने के बाद एक्ट्रेस ने यह साबित कर दिया था कि हर तरह के किरदार को वह बखूबी निभा सकती हैं। साल 1981 में रिलीज हुई 'उमराव जान' की गिनती रेखा की शानदार फिल्मों में की जाती है। अब सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर लोगों को इस फिल्म को देखने का मौका मिलेगा। इतना ही नहीं इसकी री-रिलीड डेट का एलान भी हो चुका है। बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इन दिनों अपकमिंग फिल्म मां को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें वह अपनी बेटी का बचाव करने के लिए शैतान से भिड़ने के लिए भी तैयार हो जाती हैं। बता दें कि यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसी दिन रेखा की फिल्म भी दस्तक देगी। ऐसे में इन दोनों फिल्म का क्लैश होगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि इसका असर काजोल की फिल्म के कलेक्शन पर पड़ता है या नहीं।

# धूम 4 में नजर आएंगे रणबीर कपूर, नए लुक की तैयारी शुरू



इतने सालों में, आदित्य चोपड़ा ने धूम को भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी बना दिया है। ये धूम (2004), धूम 2 (2006) और धूम 3 (2013) के साथ लगातार मजबूत होती गई। पिछले 12 सालों से धूम 4 की वापसी को लेकर कई खबरें सामने आई हैं। लेकिन पता चला है कि अब 2026 में, आदित्य चोपड़ा धूम 4 की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सोर्स की मानें तो, आदित्य चोपड़ा ने लेखक श्रीधर राघवन के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट को फाइनल करने का काम शुरू कर दिया है। 'आदित्य चोपड़ा धूम 4 की कहानी और स्क्रीनप्ले पर लेखक श्रीधर राघवन के साथ मिलकर बहुत करीब से काम कर रहे हैं। फिलहाल दोनों एक ऐसी कहानी के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं जो धूम 4 के रीबूट को लेकर बनी बड़ी उम्मीदों पर खरी उतर सके।' पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर, जो फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं, बाइक पर होने वाले इस नए 'हाईस्ट' (चोरी मिशन) को लेकर काफी उत्साहित हैं। सोर्स ने बताया कि 'धूम 4 के लिए रणबीर कपूर एकदम सही चॉइस हैं, और उनके किरदार को भी उन्हीं की पर्सनैलिटी और चार्म को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस नई धूम फिल्म को इंटरनेशनल एक्शन स्टैंडर्ड्स को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। फिल्म का लुक, विजुअल स्टाइल और कहानी कहने का तरीका YRF के मौजूदा स्पाई यूनिवर्स से बिल्कुल अलग होगा।'' YRF की प्लानिंग है कि धूम 4 की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू की जाए, जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म को डायरेक्ट करने के लिए अयान मुखर्जी सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि वॉर 2, जो 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) को रिलीज होगी, उसके बाद अयान प्री-प्रोडक्शन में पूरी तरह लग जाएंगे। इस फिल्म को 2027 में रिलीज करने की प्लानिंग है, और कोशिश होगी कि इसकी शूटिंग 2026 के अंत तक पूरी कर ली जाए। रणबीर कपूर इस समय संजय लीला भंसाली के साथ लव एंड वॉर की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद वो रामायण 2 पर काम करेंगे। इन दोनों प्रोजेक्ट्स को खत्म करने के बाद, रणबीर 2026 की गर्मियों से धूम 4 की शूटिंग शुरू करेंगे।

# बैंक बैलेंस हो गया खत्म, जब मशहूर एक्ट्रेस को नहीं मिल रहा था काम

## बुरी परिस्थितियों का डटकर किया मुकाबला



बॉलीवुड की चमक-दमक बाहर से जितनी आकर्षक दिखती है, अंदर से उतनी ही चुनौतियों से भरी है। कई कलाकारों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए सालों तक मेहनत और स्ट्रगल करना पड़ता है। ऐसी ही एक अभिनेत्री हैं निमरत कौर, जिन्होंने इरफान खान, अक्षय कुमार और अभिषेक बच्चन जैसे सितारों के साथ काम किया। निमरत ने अपने शुरुआती मुश्किल दिनों और आर्थिक तंगी के बारे में खुलकर बात की। निमरत ने बताया कि 'द लंचबॉक्स' (2013) में बड़ा ब्रेक मिलने से पहले उनके लिए मुंबई में जिंदगी आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, "मैं अक्सर सोच में पड़ जाती थी कि अगला पेमेंट कहां से आएगा? क्या मैं अच्छा काम कर रही हूं? क्या मुझे अपने शहर लौट जाना चाहिए?" मुंबई आने के बाद निमरत ने कुछ महीने म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों में काम किया। इसके अलावा, उन्होंने चार-पांच साल थिएटर में भी बिताए, लेकिन ये सब उनके लिए पर्याप्त नहीं था। निमरत ने अपने स्ट्रगल के बारे में बताया, "थिएटर के दौरान मेरा बैंक बैलेंस बहुत कम हो गया था। मुझे समझ नहीं आता था कि पैसे कहां से आएंगे। घर लौटना मेरे लिए शर्मिंदगी जैसा था। कई बार मैं उदास होकर रोती थी, अकेलापन महसूस करती थी। लेकिन मेरे अंदर एक आवाज थी जो कहती थी कि हार मत मानो।" उनकी यह मेहनत तब रंग लाई, जब उन्हें रितेश बत्रा की फिल्म 'द लंचबॉक्स' में इरफान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करने का मौका मिला। इस फिल्म ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड रेल डी'ओर अवॉर्ड जीता और निमरत के करियर को नई ऊंचाइयां दीं। 'द लंचबॉक्स' से पहले निमरत ने 'लव शव ते चिकन खुराना' और 'वन नाइट विद द किंग' में छोटी भूमिकाएं निभाई थीं। इसके बाद उन्होंने 'एयरलिफ्ट', 'दसवीं', 'होमलैंड', 'वेवर्ड पाइंस' और 'फाउंडेशन' जैसी परियोजनाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। हाल ही में 'कुल्लः द लिगेसी ऑफ द रेजिंगघ्स' और 'स्काई फोर्स' में नजर आई निमरत अब अपनी अगली फिल्म 'सेक्शन 84' के लिए तैयार हैं। फैंस भी उन्हें स्क्रीन पर फिर से देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

# क्या खत्म हुई कंगना रनौत और जावेद अख्तर के बीच की नाराजगी



बॉलीवुड में पंगा गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जानी जाती हैं। हर विषय पर खुलकर अपने विचार रखने की वजह से कई बार कंगना मुश्किलों में भी फंस जाती हैं। फरवरी में उन्होंने कोर्ट में लिखित माफी मांगकर जावेद अख्तर संग अपना एक पुराना मामला सुलझाया था। इस बीज अब अख्तर साहब ने हालिया इंटरव्यू में बताया है कि क्या उस दिन के बाद कभी उनकी मुलाकात कंगना संग हुई है या नहीं। अभिनेत्री-सांसद कंगना रनौत और गीतकार जावेद अख्तर ने मानहानी के मामले को आपसी सहमत्ति के साथ सुलझाने का फैसला लिया था। कंगना ने कोर्ट से एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया था कि अब उन दोनों के बीच के मतभेद खत्म हो चुके हैं और उन्होंने जावेद अख्तर से अपनी फिल्म के लिए गाना लिखने के लिए भी कहा है। जावेद अख्तर ने कंगना संग अपने रिश्तों पर बात की है। उन्होंने कहा, 'कोर्ट से निकलने के बाद हम साथ चलते हुए बात कर रहे थे, तो ये बात हुई कि आप मेरी अगली फिल्म के लिए गाने लिखेंगे? तो मैंने कहा क्यों नहीं। जरूर लिखेंगे। फिर उनके वकील ने हमसे बताया कि वह मेरा बहुत सम्मान करती हैं और मुझे पिता के सम्मान मानती हैं।' उन्होंने अपनी बात पूरी करते हुए आगे कहा, 'मैंने कहा इसकी कोई जरूरत नहीं है। मैं इतनी खूबसूरत लड़की का पिता नहीं बनना चाहता। तो हां, हमारे बीच सब कुछ ठीक है।' कंगना रनौत संग अपने समीकरण पर बात करते हुए जावेद ने कहा, हम उस दिन कोर्ट में मिले थे, जिस दिन जज के सामने लिखित माफी दी थी। मैंने तो उनके कोई पैसे की मांग नहीं की थी। मेरी बहुत बड़ी मान-हानी हो गई है, तो 50 करोड़ दे दो। मैंने 5 रुपये भी नहीं मांगे थे।

# क्रिकेट का अजब-गजब... दो गेंद में एक रन चाहिए था, तभी हुआ हार्ट अटैक देने वाला हादसा!

एजेंसी ● नई दिल्ली




नेपाल ने सोमवार को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 के एक रोमांचक मैच में स्कॉटलैंड को एक विकेट से हरा दिया। यह मैच डंडी में खेला गया। नेपाल की टीम ने वनडे में सबसे बड़ा रन चेज किया। जीत के बाद दर्शक मैदान में घुस गए और जश्न मनाने लगे। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 296/7 रन बनाए। नेपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। नेपाल के करण केसी ने अच्छी गेंदबाजी की और उन्होंने 10 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए।


इसके जवाब में नेपाल की शुरूआत अच्छी रही। कुशल भुरटेल ने 44 गेंदों में 53 रनों की दमदार पारी, लेकिन स्कॉटलैंड के ब्रैंडन मैकुलन ने तीन विकेट लेकर नेपाल को मुश्किल में डाल दिया। करण केसी ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। उन्होंने गुलशन झा के साथ 60 रनों की साझेदारी कीष। गुलशन झा ने 30 गेंदों में 42 रन बनाए। आखिरी तीन गेंदों में पांच रनों की जरूरत थी, करण ने दो गेंदों पर दो-दो रन लिए लेकिन अंतिम गेंद पर एक रन चाहिए था। स्कॉटलैंड के गेंदबाज मार्क वाट ने गेंद डाली। गेंद करण के पैड पर लगी और विकेटकीपर मैथ्यू क्रॉस ने स्टंपिंग कर दी।स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। उन्हें लगा कि उन्होंने नेपाल को ऑल आउट कर दिया है और सुपर ओवर होगा, लेकिन अंपायर ने इसे वाइड करार दिया। करण केसी ने बल्ला उठा कर आधा जश्न मना लिया था। इसके बाद दर्शक मैदान में घुस गए। वे झंडे लहरा रहे थे, खिलाड़ियों को गले लगा रहे थे और करण को अपने कंधों पर उठा लिया।

मैच में स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी की थी। चार्ली टियर ने 80 रन बनाए। फिनले मैक्रेथ ने 55 रनों का योगदान दिया। कप्तान रिची बेरिंग्टन (40) और विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू क्रॉस (39) ने भी महत्वपूर्ण रन बनाए। इस वजह से स्कॉटलैंड 290 रन के पार पहुंच गया। नेपाल के लिए करण केसी सबसे सफल गेंदबाज रहे। सोमपाल कामी और रिजान ढकाल ने भी दो-दो विकेट लिए। संदीप लामिछाने को एक विकेट मिला।

# एशियन चैंपियनशिपः भारत के नाम हुए 24 पदक आखिरी दिन खिलाड़ियों ने जीते इतने मेडल

एजेंसी ● गूमी




भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन 6 पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए।

## सचिन यादव ने जीता सिल्वर

पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पधाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा।भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे लेकिन जब स्वर्ण पदकों की संख्या छह थी। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में यादव का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता।इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56.46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया।चीन की मो जियादी ने 55.31 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, जबकि बहरीन की ओलुवाकेमी अडेकोया 55.32 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस दौड़ में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी अनु राघवन 57.46 सेकंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं। पूजा ने भारत के लिए दिन का तीसरा कांस्य पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ 2:01.89 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पूरी करके तीसरा स्थान हासिल किया।महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23.47 सेकंड के समय के साथ पांचवें जबकि नित्या गंधे 23.90 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं। याराजी ने इस सप्ताह की शुरूआत में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में कृष्ण कुमार और अनु कुमार क्रमशः सातवां और आठवां स्थान हासिल किया।

# इंडोनेशिया ओपनः कांटे के मुकाबले में पीवी सिंधु ने मारी बाजी, पहले राउंड में लक्ष्य सेन ने क्या कर दिया?

एजेंसी ● जकार्ता





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मंगलवार को यहां संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधु ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया।

## लक्ष्य सेन को मिली हार

लक्ष्य सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया।लेकिन इसके बाद लक्ष्य अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। सिंधु और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधु ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाए। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरूआत में दो अंकों की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे थीं। उन्होंने वापसी की और जोरदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट हासिल किए।

लेकिन सिंधु ने लगातार गलतियां की जिसका फायदा उठाकर ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गईं। जापानी खिलाड़ी ने आखिरकार दूसरा गेम 23-21 से जीत लिया। निर्णायक गेम में ब्रेक तक सिंधु 11-9 से आगे थीं और फिर उन्होंने लगातार विनर्स लगाते हुए आठ मैच प्वाइंट हासिल किए और पांचवें मैच प्वाइंट को भुनाकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# साथियान और दिया ने की छठे सीजन में तूफानी शुरूआत, दबंग दिल्ली ने जयपुर पैट्रियट्स को दी मात



**अहमदाबादः** भारत के स्टार टेबल टेनिस प्लेयर साथियान ज्ञानसेकरन और दिया चितले के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दबंग दिल्ली टीटीसी ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (वळळ) सीजन 6 के उद्घाटन मुकाबले में जयपुर पैट्रियट्स को 11-4 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला शनिवार को अहमदाबाद के ईकेए एरेना में खेला गया। दबंग दिल्ली के लिए लगातार छठे सीजन में खेलते हुए, साथियान ने दमदार शुरूआत की और जीत चंद्रा को 3-0 से हराकर मुकाबले का फैसला चौथे मैच में ही कर दिया।

दूसरी ओर, इस सीजन की नीलामी में सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी बनीं दिया चितले ने विश्व रैंकिंग में उनसे 43 स्थान ऊपर मौजूद ब्रिट ईयरलैंड को 2-1 से हराकर अपने चयन को पूरी तरह सही साबित किया। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (ळळत्रक्ष) के तत्वावधान में और नीरज बजाज एवं वीटा दानी के प्रोमोशन में आयोजित हो रहा वळळ, भारत का अग्रणी प्रोफेशनल लीग टूनार्मेंट बन चुका है। 16 दिनों तक चलने वाले इस टूनार्मेंट के सभी 23 मुकाबले अहमदाबाद के ईका एरेना में खेले जाएंगे। टिकट केवल बुकमायशो पर उपलब्ध हैं।सीजन का आगाज बेहद रोमांचक अंदाज में हुआ, जब अमेरिका के तीन बार के ओलंपियन कनक झा का सामना सिंगापुर के 19 वर्षीय उभरते स्टार इजाक क्वेक से हुआ। शुरूआती बढ़त के बावजूद कनक झा को इजाक के तेज बैकहैंड स्मैशों के सामने 1-2 से हार झेलनी पड़ी।

इसके बाद जयपुर की श्रीजा अकुला ने मारिया शाओ के खिलाफ पहला गेम 0-7 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए गोल्डन प्वाइंट के जरिए 2-1 से जीत हासिल की। इसी तरह मिक्स्ड डबल्स में, साथियान और मारिया की नई जोड़ी ने गजब की ट्यूनिंग दिखाई और कनक झा व श्रीजा अकुला को 11-6, 11-10, 11-6 से हराकर दबंग दिल्ली को पूरी तरह मुकाबले पर हावी कर दिया।इसके बाद, साथियान और दिया ने आखिरी दो मुकाबले जीतकर दिल्ली की जीत को औपचारिकता में बदल दिया। साथियान ज्ञानसेकरन को ह्यइंडियन प्लेयर ऑफ द टाईह्ल चुना गया, जबकि मारिया शाओ को ह्यफॉरेन प्लेयर ऑफ द टाईह्ल और ह्यशॉट ऑफ द टाईह्ल के पुरस्कार मिले। इससे पहले, यूटीटी और ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन की साझेदारी में चल रहे ड्रीम यूटीटी जूनियर्स प्रोग्राम के तहत खेले गए मुकाबलों में दोनों महाराष्ट्र की टीमों ने करीबी मुकाबलों में 5-4 से जीत दर्ज की।

# फ्रेंच ओपन में नोवाक जोकोविच ने दर्ज की 99वीं जीत, फिलिप मिसोलिक को हराकर चौथे राउंड में पहुंचे

एजेंसी ● पेरिस

तीन बार के रोलां गैरो चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस क्ले पर अपने करियर की 99वीं जीत दर्ज की है। जोकोविच ने ऑस्ट्रियाई क्वालीफायर फिलिप मिसोलिक को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। रोलां गैरो से ठीक पहले जिनेवा में अपने 100वें टूर लेवल सिंगल्स खिताब के बाद जोकोविच अब पहली बार एक ही टूनार्मेंट में 100 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने से महज एक कदम दूर हैं। अगर जोकोविच सोमवार को पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी कैमरन नोरी को हरा दें, तो उनके नाम ये उपलब्धि दर्ज हो जाएगी। जोकोविच 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं।


## नोवाक जोकोविच ने दिया बड़ा बयान



जोकोविच ने जीत का शतक पूरा करने की संभावना पर बात करते हुए कहा, '99 अच्छा है, लेकिन 100 बेहतर है। मुझे उम्मीद है कि मैं और जीतूंगा। मैं अपने करियर, अपने जीवन के ऐसे दौर में हूं, जब मैं बहुत सौभाग्यशाली महसूस करता हूं, क्योंकि हर बार जब मैं कोर्ट पर उतरता हूं, तो इतिहास की किताबों के लिए खेल रहा होता हूं। यह अविश्वसनीय है।'रोलां गैरो में जोकोविच से ज्यादा जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी 14 बार के चैंपियन राफेल नडाल हैं, जिनका रिकॉर्ड 112-4 है। जोकोविच को 23 वर्षीय मिसोलिक के खिलाफ सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। इस परिणाम ने जोकोविच को व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका दिया।जोकोविच ने कहा, 'यह मेरे लिए इस साल का पहला नाइट सेशन था। नाइट सेशन अलग होते हैं। खेलने के लिए पूरे दिन इंतजार करना आसान नहीं है, क्योंकि आप बहुत तनाव में होते हैं। आपको मैच के लिए तैयारी करनी होती है। पिछले साल मैंने कुछ नाइट सेशन खेले थे। लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ एक बेहतरीन सेशन, जो सुबह 3 बजे खत्म हुआ था। आज रात मैं बस यही उम्मीद कर रहा था कि यह 3 बजे के बाद खत्म न हो। हमेशा बहुत सारी उम्मीदें होती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने तीन सेटों में सही समय पर अच्छा प्रदर्शन किया।

# नीरज चोपड़ा क्लासिक कब और कहां खेला जाएगा, कौन-कौन से दिग्गज आ रहे भारत

खेल संवाददाता ● बेंगलुरु







भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को यहां आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा के नाम से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें दुनिया के सात सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी और चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं।इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर (93.90 मीटर), कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन (84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज (85.45 मीटर) और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा (86.34 मीटर) शामिल हैं।

विश्व एथलेटिक्स से श्रेणी ए का दर्जा प्राप्त इस प्रतियोगिता का आयोजन पहले पंचकुला में होना था लेकिन सीधे प्रसारण के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण इसकी मेजबानी बेंगलुरु को सौंपी गई। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में उपलब्ध है।

# गुकेश ने हराया तो झल्ला गए मैग्नस कार्लसन, चेस टेबल पर ही मारा जोरदार मुक्का, मोहरे फैल गईं

एजेंसी ● नई दिल्ली




भारतीय चेस खिलाड़ी और वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने एक और बड़ा धमाका किया है। नॉर्वे चेस 2025 के छठे राउंड में ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। क्लासिकल टाइम कंट्रोल में यह पहला मौका है जब गुकेश को कार्लसन के खिलाफ जीत मिली है। जीत के बाद गुकेश का उत्साह देखते ही बन रहा था। लॉबी में उन्होंने अपने कोच ग्रेजगॉर्ज गाजेव्स्की से मुलाकात की और एक जोरदार फिस्ट बंप किया। कोच के अनुसार यह गुकेश का अब तक का सबसे जोरदार बंप था।

डी गुकेश से मिली हार को मैग्नस कार्लसन पचा नहीं पाए। उन्होंने खेल खत्म होने से पहले ही टेबल पर जोरदार मुक्का मारा। इससे चेज बोर्ड पर खड़े मोहरे भी गिर गए। इससे गुकेश भी हैरान रह गए और अपनी सीट से चले गए। इसके बाद कार्लसन बोर्ड के पास आए और जो मोहरों को पटका। इसके बाद उन्होंने मीडिया से भी बात नहीं कि अपने इवेंट से स्थान से चले गए।मैग्नस कार्लसन ने खेल की शुरूआत में मजबूत स्थिति बनाई थी और अधिकांश समय तक दबदबा बनाए रखा। इस बीच गुकेश ने भी धैर्य बनाए रखा और मौके का इंतजार कर रहे थे। इस बीच समय की कमी के दबाव में कार्लसन ने एक गंभीर गलती कर दी। सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश ने इस मौके को हाथ से नहीं जाने दिया। उन्होंने न सिर्फ डिफेंस में धैर्य दिखाया बल्कि सही मौके पर काउंटर अटैक कर खेल का रुख पलट दिया। गुकेश ने खेल के बाद कहा, 'अभी मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने यह रखता है कि मैंने गेम नहीं हारा। लेकिन हां, मैग्नस को किसी भी रूप में हराना खास है। इस जीत के साथ, गुकेश नॉर्वे शतरंज 2025 की अंक तालिका में 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फाबियानो कारुआना 9.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं।

दैनिक अदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 04 जून, 2025
www.adityabharat.com





गाजा में भुखमरी... इजरायली हमलों से गाजा शहर पूरी तरह तबाह हो गया। यहां के लोगों के सामने भुखमरी के हालात बनने लगे है। गाजावासियों का आरोप है कि इजरायली सैनिकों ने खाद्य सामग्री की आपूर्ति को बाधित कर दिया जिससे मदद भी नहीं पहुंच पा रही है। जिससे हालात और बिगड़ गए हैं।

## शॉट न्यूज

### पीओके में मिला पोलियो का नया केस

**गिलगित।** पाक अधिकृत कश्मीर के हिस्से गिलगित बाल्टिलस्तान में 2025 में पोलिया का पहला मामला सामने आया है। इस्लामाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन प्रयोगशाला ने बाल्टिस्तान इलाके में वाइल्ड पोलियो वायरस की पुष्टि की है। गिलगित के स्वास्थ्य सचिव आसिफुल्ला खान ने कहा कि जिले के तांगिर इलाके में 23 महीने के एक बच्चे में पोलियो वायरल मिला है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चा कैसे संक्रमित हुआ। पाकिस्तान में चल रहे पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अभी तक कुल दस मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन यह गिलगित इलाके में वाइल्ड पोलियो वायरस का पहला मामला है। इस मामले के सामने आने से पहले गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके को पोलियो मुक्त क्षेत्र घोषित किया जा चुका था। बता दें कि पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ चलाए जा रहे कैंपेन को लेकर लोगों के मन में डर का माहौल है।

### रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांतिवार्ता खत्म

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन की बीच तुर्किये से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6,000-6,000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं। वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा- इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने 1 जून को माना की यूक्रेन के किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा था। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है।

### 50 से ज्यादा दोबारा पकड़े गए, जांच शुरू

# भूकंप के बाद भगदड़ में कराची की मलिर जेल से 100 कैदी भागे

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

**जांच**

पाकिस्तान के कराची में मालिर जेल से कम से कम 45 से 50 कैदी फरार हो गए हैं। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद एहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर करीब 100 से ज्यादा कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से लगभग 50 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है। सिंध के गृह मंत्री जिया-उल-हसन लांजार ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई है, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले।



### भूकंप के बाद कैदियों ने धक्का-मुक्की की

सिंध प्रांत के गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में लगभग 100 कैदियों ने मुख्य गेट की ओर धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। अब तक 46 फरार कैदी दोबारा पकड़े जा चुके हैं, जबकि कई अभी भी फरार हैं। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (एसएसयू), रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स (आरआरएफ), रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (एफसी) की टीमें मिलकर काम कर री है। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

### हादसे में एक कैदी की मौत, 4 सुरक्षाकर्मी घायल

घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कमरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और आईजी सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकॉर्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चेक पोस्ट्स और निगरानी को और कड़ा किया जा रहा है।

## कर्नाटक में धारदार हथियारों से शख्स की सरेआम हत्या

**कोप्पल ● एजेंसी**

**घटना**

कर्नाटक के कोप्पल जिले के तवरगेरा में 31 मई को एक शख्स की सरेआम धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें रात 10 बजे करीब 7 लोग तलवार और गंडासा लेकर एक बेकरी शॉप के अंदर घुसे और शख्स पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान 35 साल के चेनप्पा हुसेनप्पा नरिनाल के रूप में हुई है। हमलावरों ने चेनप्पा की गर्दन, सिर, पीठ और शरीर के कई जगहों पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चेनप्पा खुद को बचाने के लिए चिल्ला रहा था। उसने बेकरी में इधर-उधर भागने की भी कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर उस पर हमले किए। वीडियो में



दिखा कि एक आरोपी ने उसके सिर पर लाठी से भी वार किया। हमलावरों ने पहले बेकरी के अंदर हमला किया। फिर उसे बाहर घसीटा और तब तक हमला किया जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई।

पुलिस ने मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान रवि, प्रदीप, मंजूनाथ (दो आरोपियों के नाम हैं), नागराज, गौतम और प्रमोद के रूप में हुई है। अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

हमले के बाद दो मिनट के भीतर भाग गए आपराधी पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने हमला किया और दो मिनट के भीतर मौके से फरार हो भाग गए। यह घटना तवरगेरा में सिंधनूर सर्किल के पास एलजे अयंगर बेकरी के पास हुई, जो पुलिस स्टेशन से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में पुरानी रंजिश और संपत्ति विवाद के चलते हत्या की बात पता चली है। घटना में और लोगों के शामिल होने की आंशका है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रही है। हत्या के दौरान सड़क पर कई राहगीर गुजर रहे थे मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतक चेनप्पा एक दिहाड़ी मजदूर था।

## बकरीद से पहले मुस्लिम देश में कुर्बानी पर रोक

**मोरक्को में बकरों के लिए छापेमारी**

**मोरक्को ● एजेंसी**

मुस्लिम देश मोरक्को में ईद-उल-अजहा से पहले सरकार के एक फैसले ने देशभर में हड़कंप मचा दिया है। किंग मोहम्मद VI ने शाही फरमान में इस साल कुर्बानी के बकरे पर रोक लगा दी है। इस फैसले के बाद देशभर में बकरों की खोज के लिए छापेमारी की जा रही है। इस फैसले से देशभर में बवाल मचा हुआ है। मोरक्को किंग ने आर्थिक और स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इस्लामी परंपरा को रद्द करने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद पुलिस ने कई शहरों और इलाकों में घर-घर छापेमारी कर लोगों के बकरे जब्त कर लिए।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सुरक्षाबल घरों से बकरों को



ले जा रहे हैं। इस घटना को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश है।इस फैसले की क्या वजहराजा मोहम्मद VI ने कहा कि वो बकरीद पर जनता की ओर से कुर्बानी करेंगे, लेकिन लोगों ने इसे अपमानजनक और धार्मिक आस्था का मजाक बताया।

### प्रदर्शनकारियों को 1971 के योद्धाओं जैसा सम्मान देगी युनूस सरकार

# शेख हसीना के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को इनाम

**ढाका ● एजेंसी**

**विरोध**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अगुआई वाली अंतरिम सरकार ने शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों को 1971 के योद्धाओं जैसी सुविधा देने का ऐलान किया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा है कि शेख हसीने के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को 'जुलाई वॉरियर्स' की तरह दो साल तक 5.25 लाख टका तक की सालाना इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का पहला बजट पेश किया। इस दौरान टैक्स में राहत का यह ऐलान भी किया। बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन और उसमें 1500 लोगों की मौत के बाद पहली बार बजट पेश किया गया था। बता दें कि हसीना के खिलाफ



हुए प्रदर्शनों में शामिल होने वाले लोगों और घायलों को सुविधा देने का दबाव बन रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बजट में टैक्स स्लैब में एक नया स्लैब शामिल किया है जिसका नाम जुलाई वॉरियर्स है। इसमें कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन में घायल हुए लोगों को भी 5.25 लाख टका तक की कमाई पर टैक्स से राहत दी जाएगी। यूनुस की सरकार ने 1401 लोगों को आवामी लीग की सरकार हटाने के लिए आंदोलन करने वाले जुलाई वॉरियर्स की पहचान दी थी।इसके अलावा बजट में 405 करोड़ टका का ऐलान उन लोगों के लिए किया गया है जिनके परिवार के किसी सदस्य की इस प्रदर्शन के दौरान जान चली गई थी। उनके रहने के लिए मकान उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अलावा यूनुस सरकार ने जुलाई मास अपराइजिंग डायरेक्ट्रेट का भी गठन किया था जो कि प्रदर्शनकारियों के परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करेगा।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)